TNF TODAY
# टीएनएफ टुडे
थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे
tnftoday | tnftoday
www.tnftoday.com / epaper | Trial Edition-3 समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण हो कार्रवाई: सीडीओ... (पेज-3) | पृष्ठ- 8 | वर्ष-01 अंक-डमी | मूल्य ₹7 | मंगलवार | दिनांक- 01.09.2026

## अलीगढ़ आगरा रोड मड़राक के कृष्णा रिसॉर्ट में देह व्यापार का पुलिस ने किया खुलासा

**चार युवक और पांच महिलाएं गिरफ्तार, 9 मोबाइल और 8,990 रुपये बरामद**



टीएनएफ टुडे, अलीगढ़।

जनपद के मड़राक थाना क्षेत्र से बड़ी खबर सामने आई है। पुलिस ने कृष्णा रिसॉर्ट में कथित रूप से चल रहे अनैतिक देह व्यापार के मामले में कार्रवाई करते हुए चार युवकों और पांच महिलाओं समेत कुल नौ लोगों को गिरफ्तार किया है

पुलिस के मुताबिक, रिसॉर्ट में महिलाओं से कथित रूप से अनैतिक देह व्यापार कराए जाने और इससे अवैध धन अर्जित किए जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 255/2026 दर्ज कर कार्रवाई शुरू की।

क्षेत्राधिकारी इगलास कमलेश कुमार के निर्देशन में मड़राक पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों–पिंकू उर्फ विशाल, अभिषेक कुमार, चन्दन और अमित–को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके साथ पांच महिलाओं को भी गिरफ्तार किए जाने की जानकारी दी है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 9 मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं वह कुछ आपत्तिजनक सामग्री भी पुलिस को बरामद हुई है।

## फांसी के फंदे पर लटके मिले युवक-युवती के शव

- एत्मादपुर के रहनकला गांव में प्रेम संबंध की चर्चा से सनसनी

टीएनएफ टुडे, आगरा।



एत्मादपुर थाना क्षेत्र के रहनाकला गांव में सोमवार सुबह युवक और युवती के शव फंदे पर लटके मिलने से सनसनी फैल गई। दोनों की उम्र करीब 19 से 22 वर्ष के बीच बताई जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दोनों के बीच प्रेम संबंध होने की बात सामने आ रही है। मृतक युवक की पहचान प्रीतम के रूप में बताई गई है।

जानकारी के मुताबिक प्रीतम पहले से शादीशुदा था और रैपिडो में काम करता था। जबकि युवती इंद्रावती का कुछ दिन पहले ही परिजनों ने रिश्ता तय किया था। बताया जा रहा है कि रविवार को इंद्रावती के माता-पिता रिश्तेदारी में गए हुए थे। इसी दौरान घर में दोनों की मौत की घटना सामने आई। सोमवार सुबह शव फंदे पर लटके मिलने की सूचना से गांव में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस घटना के पीछे की वास्तविक वजह का पता लगाने के लिए परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। मौत आत्महत्या है या इसके पीछे कोई अन्य वजह है। यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

## विधायक अंजुला माहोर के खिलाफ भड़का जन आक्रोश

टीएनएफ टुडे, हाथरस।

शहर के अलीगढ़ रोड स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम की बिल्डिंग के पास वाली गली के निवासियों ने सोमवार दोपहर जमकर हंगामा व प्रदर्शन किया गया। सूचना पाकर मौके पर नगर पालिका के ईओ व पुलिस बल पहुंच गया था और क्षेत्रीय लोगों ने सदर विधायक के खिलाफ सड़क और नाली निर्माण में गलत तरीके से कार्य कराये जाने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

बता दें अलीगढ़ रोड स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम की बिल्डिंग के पास सदर विधायक अंजुला सिंह माहौर की कोठी है। जहां महिलाएं प्रदर्शन के लिए बड़ी संख्या में सड़क पर बैठ गईं, जिससे यातायात बाधित हो गया और जाम लग गया। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गये। प्रदर्शनकारियों ने इन अधिकारियों का घेराव किया और नारेबाजी की।



### लोगों ने लगाया मनमानी का आरोप

क्षेत्रीय लोगों का आरोप था कि सदर विधायक ने हाल ही में इस गली में अपनी कोठी बनवाई है। उन्होंने अपनी कोठी के लिए पुरानी सड़क को उखड़वाकर दोबारा बनवाया है। इसके अलावा, उन्होंने अपने घर के आगे एक नाली को रुकवाकर उसे मोड़ दिया है, ताकि उनकी कोठी के सामने कोई समस्या न हो। लोगों ने कहा कि उक्त कार्य में मनमानी के कारण उनके घरों में गंदा पानी घुस रहा है और भविष्य में जलभराव की समस्या और बढ़ जाएगी।प्रदर्शन के दौरान महिलाएं नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) की गाड़ी के आगे बैठ गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि ईओ अपनी गाड़ी से उतरकर उनसे बात नहीं कर रहे हैं। मौके पर मौजूद पुलिस बल ने स्पष्ट कह दिया कि यह नगर पालिका का मामला है और यदि ईओ गाड़ी से नहीं उतरेंगे तो समस्या का समाधान नहीं हो पाएगा। कुछ पुलिसकर्मी वापस भी जाने लगे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अधिशासी अधिकारी ने गली में चल रहे नाली निर्माण कार्य को तत्काल रुकवा दिया और नाली को दिए जा रहे मोड़ को भी भरवा दिया। इस दौरान भी लोगों ने सदर विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सदर विधायक की कोठी के बाहर भी भारी भीड़ और पुलिस बल मौजूद रहा, हालांकि विधायक उस समय अपनी कोठी में मौजूद नहीं थीं। लोगों ने समस्या समाधान एवं जलभराव की स्थिति उत्पन्न ना हो की मांग की गई।

**भागवत ने बताया 'विश्व गुरु' बनने का राज**

## 'भारत महाशक्ति नहीं, फिर भी करता रहा मदद'

एजेंसी, टोरंटो।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भारत की सभ्यतागत परंपरा दूसरों की बिना भेदभाव मदद करने पर आधारित रही है। भारत ने दुनिया की सेवा 'विश्व गुरु' के रूप में की है, न कि 'सुपर पावर' यानी महाशक्ति के तौर पर। टोरंटो में रविवार को कनाडियन हिंदूज फॉर आउटरीच, रिलेशंस एंड डायलॉग की ओर से आयोजित 'हिंदू विश्व बंधु-एम्ब्रेस द वर्ल्ड इन फ्रेंडशिप' कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि हिंदू जीवन-दृष्टि सार्वभौमिक है और 'वसुधैव कुटुंबकम' यानी पूरी दुनिया एक परिवार है, के सिद्धांत में विश्वास करती है। उन्होंने सेवा को भारतीय सभ्यतागत मूल्यों की प्रमुख विशेषता बताया।

**'भारत ने कभी मदद से इनकार नहीं किया'**

भागवत ने कहा कि जब भी दुनिया में कहीं भारत से मदद मांगी गई, उसने कभी इनकार नहीं किया और कई बार बिना मांगे भी मदद के लिए हाथ बढ़ाया। उन्होंने इसे भारत की परंपरा और उसका डीएनए बताया। भागवत ने संत कबीर के दोहों का उल्लेख करते हुए कहा कि बहुत सारी किताबें पढ़ने और विद्वान होने का कोई अर्थ नहीं, अगर व्यक्ति प्रेम का महत्व नहीं समझता। उन्होंने कहा कि मानवता के लिए प्रेम जरूरी है और जब हम सभी एक हैं तो हमें भी उसी भावना के साथ मिलकर काम करना चाहिए।



### 'विश्व गुरु' बना भारत, 'महाशक्ति' नहीं

भागवत ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान पोलिश शरणार्थियों की मदद सहित इतिहास और आधुनिक समय के मानवीय संकटों में भारत की भूमिका का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि उस समय भारत महाशक्ति नहीं था, लेकिन उसने दुनिया की सेवा की। अपने चरित्र के कारण भारत 'विश्व गुरु' बना, 'महाशक्ति' नहीं। उन्होंने कहा कि भारत का उदय अधिक एकजुट और अधिक मुक्त मानवता के निर्माण का माध्यम बनना चाहिए। भागवत फिलहाल अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन की तीन देशों की यात्रा पर हैं।

# ट्रक ने मारी वाहन में टक्कर, पांच मरे, दो दर्जन घायल

**करौली और भरतपुर से अस्थि विसर्जन को पिकअप वाहन में सोरों आ रहे थे**





- तीन की मौके पर ही मौत जबकि दो ने अलीगढ़ अस्पताल में दम तोड़ा

टीएनएफ टुडे, कासगंज।

राजस्थान के करौली और भरतपुर जिले से अस्थि विसर्जन के लिए तीर्थ नगरी सोरों आ रहे लोगों से भरे पिकअप वाहन को सोमवार सुबह करीब साढ़े चार बजे सदर कोतवाली क्षेत्र में ट्रक ने टक्कर मार दी। पिकअप वाहन में सवार यात्रियों में से तीन की मौके पर जबकि दो ने अलीगढ़ अस्पताल में दम तोड़ दिया। 23 लोग घायल हो गए। घायलों में से गंभीर घायलों को अलीगढ़ रेफर किया गया है।

ये दर्दनाक घटना कासगंज-सिकंदराराऊ मार्ग पर ग्राम मोहनपुर हाईवे पर शिवा इंटर कॉलेज के समीप हुई। घटना के समय छुटपुट वाहनों के अलावा वहां लोगों का आगमन भी नहीं था। वाहनों की भिड़ंत होते ही घायलों कि चीत्कार सुनकर लोग घटना स्थल की और दौड़ पड़े स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई लोग बचाव कार्य में लग गए। पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल ने चिकित्सकों ने तीन को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायलों को जिला अस्पताल से अलीगढ़ रेफर कर दिया। जबकि शेष घायलों का उपचार किया है।

### हादसे में इनकी हुई मौत

उमेश पुत्र बबलू निवासी ग्राम रेवई थाना महुआ जनपद दौसा, नेहरू पुत्र रामखिलाड़ी निवासी ग्राम नथौली थाना सुरौठ करौली, प्रेम पत्नी तेजराम निवासी ग्राम नौथोली थाना सुरौठ करौली, रीना पत्नी कर्मवीर निवासी ग्राम सलेमपुर कला भरतपुर, अंजलि पत्नी मनीष निवासी ग्राम रेवई थाना महुआ दौसा।

### डीएम और एसपी पहुंचे मौके पर

घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी प्रणय सिंह एवं एसपी ओपी सिंह भी मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने एंबुलेस व सरकारी गाड़ियों से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। घटना स्थल के निरीक्षण के बाद डीएम और एसपी जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल जाना।

> सड़क हादसे की घटना में पांच लोगों की मौत हुई है मृतकों में तीन महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। इनमें तीन की मौत मौके पर जबकि दो की मौत अलीगढ़ में हुई हैं। गम्भीर घायलों का अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में उपचार किया जा रहा है।
>
> - ओपी सिंह, एसपी कासगंज

**कौशाम्बी: पटाखा फैक्टरी में भीषण आग**

## धमाकों से दहला मनौरी बाजार, नौ की मौत, कई की हालत बेहद नाजुक

प्रयागराज/कौशाम्बी।

पिपरी थाना क्षेत्र के मनौरी बाजार में सोमवार दोपहर करीब 12 बजे एक पटाखा फैक्टरी में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग लगते ही फैक्टरी में रखे पटाखों में एक के बाद एक तेज धमाके होने लगे। धमाकों की आवाज करीब दो किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। कुछ ही देर में फैक्टरी से उठे धुएं के गुबार ने आसपास के इलाके को ढक लिया, जिससे बाजार में अफरा-तफरी मच गई। धमाके में कई परिवारों के मकान धराशायी हो गए। नौ लोगों की मौत हो चुकी है। करीब दर्जन भर लोगों की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। इसमें तीन वेंटीलेटर पर हैं।

मौके पर प्रयागराज के एडीजी, आईजी, डीआईजी, अपर पुलिस आयुक्त के अलावा कौशाम्बी के डीएम और एसपी पहुंच गए हैं। झुलसे लोगों को एसआरएन अस्पताल प्रयागराज भेजा गया है।

बताया जा रहा है कि बस्ती से कुछ दूरी पर एक मकान में पटाखा फैक्टरी संचालित हो रही थी। हादसे के समय अंदर करीब दर्जनभर लोगों के मौजूद होने की सूचना है। आग लगने के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन लगातार हो रहे धमाकों के कारण अंदर जाना मुश्किल रहा।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मकान से अचानक धुआं उठने के बाद पटाखों में विस्फोट शुरू हुआ। मकान के ऊपर से बिजली के तार भी गुजर रहे हैं।

हादसे में एक दर्जन से अधिक लोगों के गंभीर रूप से झुलसने की सूचना मिल रही है। मौके पर पुलिस अधिकारियों के साथ दो थानों की फोर्स राहत-बचाव में जुटी है। घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया जा रहा है।

कौशाम्बी और प्रयागराज सीमा पर स्थित मनौरी बाजार स्थित पटाखा फैक्टरी में सोमवार दोपहर अचानक भीषण विस्फोट हो गया। लगातार हुए धमाकों से आसपास का इलाका दहल उठा। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि करीब तीन किलोमीटर दूर तक इसकी धमक महसूस की गई। हादसे में फैक्टरी के आसपास बने 15 से अधिक मकान धराशायी हो गए। मलबे में बड़ी संख्या में लोगों के दबे होने की आशंका है। विस्फोट के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

## दिल्ली में बस में 16 साल की छात्रा से गैंगरेप: ग्रेटर नोएडा से बैठाया

**बस 47 किमी दौड़ती रही, शीशे पर पर्दे लगे थे, ड्राइवर-कंडक्टर अरेस्ट**

एजेंसी, नई दिल्ली।

दिल्ली में 16 साल की छात्रा से चलती स्लीपर बस में गैंगरेप का मामला सामने आया है। घटना 4 अगस्त की है, पुलिस ने 31 अगस्त को इसकी जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक पीड़ित ग्रेटर नोएडा के परी चौक पर बस में बैठी। आरोपियों ने उसे कश्मीरी गेट पर छोड़ा। इस दौरान बस करीब 47 किमी दौड़ती रही। बस के शीशों पर पर्दे लगे थे। पुलिस ने बस ड्राइवर कुलदीप और कंडक्टर संदीप को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी कब हुई, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। पीड़ित उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले की रहने वाली है और 11वीं की छात्रा है।

पुलिस के मुताबिक, पीड़ित यूपी के मैनपुरी की रहने वाली है। परिवार में झगड़ा होने पर बिना बताए नोएडा में कजिन के घर के लिए बस से निकली। मैनपुरी से नोएडा की दूरी 300 किमी से ज्यादा है। भारी बारिश और अंधेरे के कारण छात्रा गलती से परी चौक पर उतर गई थी। फिर यहां से नोएडा जाने के लिए वाहन का इंतजार करने लगी।



इसी बीच वहां से एक खाली स्लीपर बस गुजरी। छात्रा ने बस को रुकने का इशारा किया।

ड्राइवर और कंडक्टर ने छात्रा को बस में बैठा लिया। उन्होंने बताया कि बस नोएडा सेक्टर-63 जा रही है। पुलिस के मुताबिक, बस चलने के कुछ समय बाद कंडक्टर ने छात्रा के साथ अश्लील हरकत करने की कोशिश की।

छात्रा ने पुलिस को बताया कि ड्राइवर और कंडक्टर ने उसके साथ रेप किया। विरोध करने पर दोनों ने उसे जान से मारने की धमकी दी।

आरोप है कि दोनों ने देर रात छात्रा को कश्मीरी गेट बस टर्मिनल के पास रिंग रोड पर उतार दिया। इसके बाद दोनों वहां से फरार हो गए। छात्रा ने रात में ही कश्मीरी गेट पुलिस से संपर्क कर घटना की जानकारी दी।

## सरकार बोली- प्रदर्शनकारियों पर दर्ज एफआईआर रद्द कराने की लगाई याचिका

**सुप्रीम कोर्ट का सीजेपी प्रदर्शन पर रोक लगाने से इनकार, कहा- अप्रिय घटना की संभावना नहीं**

एजेंसी, नई दिल्ली।

केंद्र सरकार ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने वाले छात्रों से जुड़ी एफआईआर रद्द करवाने के लिए याचिका लगाई है। यह जानकारी सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दी। उन्होंने बताया कि एफआईआर रद्द कराने के लिए हम अनुच्छेद 142 का सहारा ले रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर मंगलवार को सुनवाई के लिए तैयरा हो गया है।

वहीं सुप्रीम कोर्ट में कॉकरोच जनता पार्टी के मार्च पर रोक लगाने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान पेश हुए थे। सुप्रीम कोर्ट ने 5 सितंबर को दिल्ली में होने वाले इस मार्च पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इस मार्च से कोई अप्रिय घटना होगी, ऐसा मानने की कोई ठोस वजह नहीं है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि प्रशासन से उम्मीद है कि वह कानून-व्यवस्था बनाए रखेगा और सभी पक्षों को जिम्मेदारी से और कानून के मुताबिक काम करना सुनिश्चित करेगा। यह याचिका रिटायर्ड दिल्ली पुलिस अधिकारी राजेंद्र सिंह ने दाखिल की थी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में होने वाले BRICS समिट को देखते हुए बड़े जुलूस और प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए।

**सीजेपी का आरोप- सरकार ने चार में से तीन मांगें अभी नहीं मानी**

कॉकरोच जनता पार्टी ने शनिवार को सरकार पर मांगे पूरी न करने का आरोप लगाया। सीजेपी ने पर लिखा कि सरकार हर बार अधूरे वादे करके बच नहीं सकती।



सरकार के सामने रखी गईं चार में से तीन मांगें अब भी अधूरी हैं। पहली- छात्रों के परिवारों को मुआवजा दिया जाए। दूसरी- छात्रों के खिलाफ दर्ज एफआईआर वापस ली जाए और कोई कार्रवाई न की जाए। तीसरी- RAF और दिल्ली पुलिस माफी मांगे। कॉकरोच पार्टी 5 सितंबर को फिर से दिल्ली में मार्च निकालने वाली है। उन्होंने लोगों से इसमें शामिल होने की भी अपील की। सीजेपी ने नीट पेपर लीक, परीक्षा में गड़बड़ी की मांगों को लेकर 20 जून से जंतर-मंतर पर आंदोलन शुरू किया था। 25 जुलाई को सरकार से आश्वासन मिलने और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद अपना आंदोलन खत्म किया था।

बीजेपी नेता आशुतोष रांका और सौरव दास ने 25 जुलाई को ही केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के साथ मुलाकात की थी। इसमें सरकार और प्रदर्शनकारियों के बीच मांगों पर सहमति बनी थी।

बीजेपी नेता आशुतोष रांका और सौरव दास ने 25 जुलाई को ही केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के साथ मुलाकात की थी। इसमें सरकार और प्रदर्शनकारियों के बीच मांगों पर सहमति बनी थी।

### बीजेपी के मार्च में सुसाइड करने वाले छात्रों के परिजन भी आएंगे

5 सितंबर को मार्च इंडिया गेट से शुरू होकर नई दिल्ली पुलिस मुख्यालय तक जाएगा। इसमें उन स्टूडेंट्स के परिजन भी शामिल होंगे, जिन्होंने ठएएळ पेपर लीक के बाद सुसाइड किया था। 24 अगस्त को बीजेपी ने अपनी वर्किंग कमेटी की वर्चुअल मीटिंग के बाद यह फैसला लिया था। पार्टी ने कहा कि सरकार ने कहा था कि छात्रों पर दर्ज केस खत्म होंगे, पर ऐसा नहीं हुआ। उन्हें हमारे धैर्य को कमजोरी नहीं समझना चाहिए।

### 20 जुलाई को संसद मार्च के दौरान लाठीचार्ज हुआ था

20 जुलाई को बीजेपी ने संसद मार्च निकाला था। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने इसकी परमिशन नहीं दी थी। इस दौरान प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया गया था।

## सोनिया गांधी की किताब नहीं छापेगा पेंगुइन इंडिया

**नई दिल्ली।** पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने सोनिया गांधी की किताब प्रकाशित नहीं करने के फैसले पर सफाई दी है। पब्लिशर ने कहा कि इस फैसले के पीछे कोई बाहरी दबाव नहीं था, बल्कि 'बिलॉन्गिंग: ए जर्नी ऑफ लव' पर चर्चा के दौरान एक खास मुद्दे पर सहमति नहीं बन सकी।

हालांकि PRHI ने उस मुद्दे के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। पब्लिशर ने इसके लिए समझौते और लेखक की गोपनीयता का हवाला दिया है।

यह सफाई कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के संस्मरण के भारत में प्रकाशन को लेकर चल रहे विवाद के बीच आई है। अमेरिका के अल्फ्रेड ए नॉफ ने घोषणा की है कि पेंगुइन रैंडम हाउस की यह इकाई किताब को 10 नवंबर को पूरी दुनिया में जारी करेगी।

# भाकियू के जिलाध्यक्ष की कार पर हमला

- ड्राइवर को पीटा, जिलाध्यक्ष को जान से मारने की धमकी
- आक्रोशित किसानों ने थाना एकता पहुंच किया जमकर हंगामा

टीएनएफ टुडे, आगरा।



भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष दीपक तोमर की कार पर अज्ञात बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। घटना के समय जिलाध्यक्ष गाड़ी में मौजूद नहीं थे। हमलावरों ने उनके ड्राइवर के साथ मारपीट और अभद्रता की और जिलाध्यक्ष को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना से आक्रोशित किसानों ने थाना एकता पहुंचकर हंगामा करते हुए घेराव किया और पुलिस से 24 घंटे के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष दीपक तोमर की कार थाना एकता क्षेत्र से गुजर रही थी। तभी अज्ञात बदमाशों ने कार को घेर लिया। कार में जिलाध्यक्ष को न पाकर हमलावरों ने चालक से गाली-गलौज की और मारपीट कर दी। आरोपियों ने जिलाध्यक्ष को अंजाम भुगतने की धमकी दी। घटना की जानकारी मिलते ही फतेहाबाद तहसील अध्यक्ष अवधेश ठाकुर के नेतृत्व में सैकड़ों किसान और पदाधिकारी थाना एकता पहुंच गए और परिसर में पहुंचकर पुलिस-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। तहसील अध्यक्ष अवधेश ठाकुर ने कहा कि यह हमला किसानों की आवाज को दबाने की सोची-समझी साजिश है। पुलिस को तहरीर सौंपकर सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने और 24 घंटे में आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। किसान नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय सीमा में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई या जिलाध्यक्ष को कोई नुकसान पहुंचा, तो संगठन जिले स्तर पर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। वहीं पुलिस अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है।

किसान संगठन ने मामले की शिकायत जिलाधिकारी और पुलिस आयुक्त आगरा को देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान तहसील अध्यक्ष अवधेश ठाकुर, जिला प्रवक्ता रामनिवास रघुवंशी, तहसील प्रवक्ता गोविंदा सैंथिया, छोटेलाल रघुवंशी, रामलाल वर्मा, ब्रह्मलाल सिकरवार, भारत सिंह वर्मा, बिरमलाल सहित किसान व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## ईंटों से फोड़ा मजदूर का सिर और मुंह

टीएनएफ टुडे, बाह।

कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की बाउंड्रीवाल के निर्माण में मजदूरी कर रहे रामबाग आगरा के मजदूर रवी का सिर और मुंह ईंटों से कूंचे जाने के मामले में बाह पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। अस्पताल से घायल को चिंताजनक हालत में एसएन मेडीकल कॉलेज आगरा के लिए रेफर किया गया है। रामबाग आगरा की सरोज ने बाह थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी के मुताबिक वह अपने पति रवी, बेटी प्राची के साथ बाह में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की बाउंड्रीवाल के निर्माण में मजदूरी को आई थी। रविवार रात 8.30 बजे रवी का साथी मजदूर कृष्णा से कहासुनी और विवाद हुआ था। जिससे बौखलाए कृष्णा ने रवी को पटक कर ईंटों से सिर और मुंह कूंच दिया। जिससे रवी अचेत हो गया। फिर भी कृष्णा ने डंडों से पिटाई की। बेटी की चीख पर वह बचाने पहुंची तो वह जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। खून से लथपथ रवी को लेकर सरोज बाह सीएचसी पर पहुंची। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। बाह पुलिस ने सरोज की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच एवं आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# सम्राट अशोक की प्रतिमा स्थापित कराने की मांग



टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।

कस्बा खेरागढ़ के किसी प्रमुख चौराहे पर सम्राट अशोक की भव्य प्रतिमा स्थापित कराने की मांग को लेकर कुशवाहा सेवा समिति की ओर से उपजिलाधिकारी खेरागढ़ को ज्ञापन सौंपा गया। समिति ने प्रशासन से प्रतिमा स्थापना के लिए उपयुक्त स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई शीघ्र शुरू कराने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि क्षेत्र की जनता लंबे समय से खेरागढ़ में सम्राट अशोक की प्रतिमा स्थापित किए जाने की मांग करती आ रही है। सम्राट अशोक भारतीय इतिहास के महान शासकों में शामिल रहे हैं।

कलिंग युद्ध के बाद उन्होंने हिंसा का मार्ग त्यागकर अहिंसा, मानवता, सद्भाव और लोक कल्याण का संदेश दिया। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि खेरागढ़ के मुख्य चौराहे पर सम्राट अशोक की प्रतिमा स्थापित होने से क्षेत्र की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पहचान को मजबूती मिलेगी। इससे युवाओं और समाज के विभिन्न वर्गों को भारतीय इतिहास एवं महान व्यक्तित्वों के बारे में जागरूक करने में भी मदद मिलेगी। समिति ने प्रतिमा स्थल के सौंदर्यीकरण, आकर्षक प्रकाश व्यवस्था और आसपास के क्षेत्र को विकसित कर इसे खेरागढ़ नगर की विशिष्ट पहचान बनाने का सुझाव भी दिया।


समिति ने प्रशासन से संबंधित विभागों से आवश्यक अनुमति एवं तकनीकी औपचारिकताएं पूरी कराकर स्थल का निरीक्षण कराने तथा प्रतिमा स्थापना की प्रशासनिक प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में कुशवाहा सेवा समिति के अध्यक्ष गुड्डू, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र, भूपेंद्र, संतोष सहित कुशवाहा समाज एवं तहसील खेरागढ़ क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।



### जर्जर विद्यालय भवन पर चला बुल्डोजर

**बाह।** छात्र सुरक्षा हित में जर्जर परिषदीय स्कूलों के ध्वस्तीकरण अभियान के तहत सोमवार को बाह विकास खंड के रतीराम पुरा गांव के प्राथमिक विद्यालय के जर्जर एकल कक्ष पर बुल्डोजर चला। ग्राम पंचायत ने भवन का ध्वस्तीकरण करा दिया है। जर्जर भवन में पढ़ने वाले बच्चों के लिए खतरा पैदा हो गया था। स्थानीय लोगों के मुताबिक छात्र सुरक्षा हित में हुई ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के दौरान विद्यालय भवन की एक दीवार क्षतिग्रस्त हो गई है। दीवार क्षतिग्रस्त होने से मवेशी आदि के विद्यालय परिसर में प्रवेश की आशंका है। लोगों ने विद्यालय के सुरक्षा घेरे को मजबूत किए जाने के लिए दीवार की मरम्मत किए जाने की मांग उठाई है।

### स्कूल के बगल के तालाब में मगरमच्छ, सता रहा पढ़ने वाले बच्चों पर हमले का डर।



**बाह।** खेडा राठौर के गुमानसिंह पुरा गांव में परिषदीय प्राथमिक विद्यालय के पास स्थित तालाब में सोमवार को मगरमच्छ दिखने से दहशत फैल गई है। सोशल मीडिया पर तालाब में विचरण करते मगरमच्छ का वीडियो वायरल हुआ है। 12 सेकेंड के वायरल वीडियो में विशालकाय मगरमच्छ तेजी से चलता हुआ दिख रहा है। वीडियो वायरल होने पर स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों पर मगरमच्छ के हमले का डर अभिभावकों को सता रहा है। ग्राम प्रधान सत्यराम बघेल ने बताया कि स्कूल के बगल के तालाब में मगरमच्छ होने की सूचना वन विभाग को दी थी। वन विभाग की टीम गांव आई थी। लेकिन रेस्क्यू नहीं किया जा सका है। जरूरत पड़ने पर तालाब से पानी खाली कराया जाएगा। बाह के रेंजर कुलदीप सहाय पंकज ने बताया कि वन विभाग की टीम मौके पर गई थी। तालाब में पानी और कीचड़ होने की बजह से मगरमच्छ को रेस्क्यू नहीं किया जा सका। तालाब को खाली कराने के लिए ग्राम प्रधान से संपर्क साधा गया है। तालाब खाली होने के बाद ही मगरमच्छ को रेस्क्यू किया जा सकेगा।

### मढ़ेपुरा में छापा... 9 के खिलाफ बिजली चोरी की रिपोर्ट

**बाह।** बिजली चोरी रोकने के लिए विभागीय टीम ने अभयपुरा बिजली घर क्षेत्र के मढ़ेपुरा गांव में सोमवार को छापेमारी की। अवर अभियंता राजकुमार ने बताया कि छापेमारी के दौरान 9 घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई है। सभी के खिलाफ एंटी थैफ्ट थाना कमला नगर में प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। छापेमारी के दौरान कई परिवार अपने कटिया तार उतार कर भूमिगत हो गये। छापेमार टीम में आनंद मिश्रा, शेर सिंह, रवि कुमार आदि रहे। जैतपुर के उपखंड अधिकारी शम्भूनाथ, बाह के उपखंड अधिकारी नितिन माहेश्वरी ने बताया कि बिजली चोरी के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

### भाई के ससुरालियों ने युवक पीटा

**बाह।** रेंका गांव में बड़े भाई के ससुरालियों द्वारा पीयूष के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस घायल का मेडीकल कराने के बाद जांच में जुटी है। रेंका गांव के पीयूष ने पुलिस को बताया कि रविवार को बड़े भाई की किरावली में ससुराल है। घर पर भाई और भाभी के बीच कहासुनी हुई थी। जिस पर भाभी ने अपने मायके वाले बुला लिए। देर शाम हथियारों से लेस ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट कर दी। जिससे वह घायल हो गया। मारपीट के दौरान बंदूक की बट से उसके सिर पर चोट लगी है।

### क्रेडिट कार्ड की लोकेशन लेकर 33 हजार की ठगी

**बाह।** व्हाट्सएप पर क्रेडिट कार्ड की लोकेशन लेने के बाद बाह का सचिन 33 हजार रुपये की ठगी का शिकार हुआ है। ठगी का अहसास मोबाइल मैसेज से हुआ। सचिन ने टोल फ्री नंबर 1930 पर दर्ज कराई शिकायत में कहा है कि रविवार को बैंक खाता बंद होने की बात कह कर ई-केवाईसी के लिए व्हाट्सएप पर मैसेज किया। मैसेज के बाद व्हाट्सएप कॉल पर क्रेडिट कार्ड की लोकेशन शेयर करा ली और व्हाट्सएप ट्रेडिंग शुरू कराने के बहाने ओटीपी ले लिया। ओटीपी के बाद 33 हजार 74 रुपये की ट्रेडिंग का मैसेज आया तो उसके होश उड़ गये। टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज कराकर दोषी पर कार्रवाई के साथ रुपये वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

### तीन आरोपी 4 साल बाद गिरफ्तार

**खेरागढ़।** बीते चार वर्ष पूर्व आत्महत्या करने वाले युवक के पास मिले सुसाइड नोट में नामजद तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सभी अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया।जानकारी के अनुसार 7 जुलाई 2022 को गांव नगला महासुख निवासी युवक का शव गांव के स्कूल के सामने पेड़ से लटका मिला था। तलाशी के दौरान मिले सुसाइड नोट में तीन लोगों ध्रुव सिंह,प्रयाग सिंह,गोविंद सिंह निवासी नगला महासुख खेरागढ़ के नाम सामने आए थे। मामले में परिजन की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी।पुलिस ने मामले की विवेचना में जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर सोमवार को तीनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## गुजरात के राज्यपाल ने नरेन्द्र सिंह को किया सम्मानित

### वॉलीबाल रेफरी के रूप में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बनाई पहचान

टीएनएफ टुडे, बाह।



राष्ट्रीय खेल दिवस पर 29 अगस्त को अहमदाबाद में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने बाह के पुरा तिन्नेत (कैंजरा) गांव के डॉ. नरेन्द्र सिंह क्षत्रिय को सम्मानित किया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वॉलीबाल रेफरी के रूप में पहचान बनाई है। गुजरात के स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन एवं गुजरात खेल प्राधिकरण के तत्वाधान में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने उत्कृष्ट खिलाड़ियों और कोचों को सम्मानित किया था। बाह के पुरा तिन्नेत (कैंजरा) के मोहन सिंह भदौरिया के बेटे डॉ. नरेन्द्र सिंह क्षत्रिय 6 से 16 अगस्त तक चिली में आयोजित वॉलीबाल के वैश्विक टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए रेफरी नामित थे। गुजरात राज्य वॉलीबाल एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष भी हैं। उनके मौसेरे भाई गौरव सिंह, गांव में वॉलीबाल के कोच अल्केन्द्र सिंह जादौन एवं प्रगतिशील नेता पवन भदौरिया ने बताया कि डॉ. नरेन्द्र सिंह क्षत्रिय राष्ट्रीय कार्यशालाओं में बतौर विशेषज्ञ खेल के नियमों एवं खिलाड़ियों के कौशल विकास पर व्याख्यान देते हैं। उनकी उपलब्धि पर पूरे गांव को गर्व है। वॉलीबाल के रेफरी अरुण दुबे, मुकेश शर्मा, सर्वदमन सिंह भदौरिया ने विदेशी धरती पर देश का मान बढ़ाने वाले बाह के बेटे को खुशी का इजहार कर बधाई दी है।

## नगला कमाल में बंधे प्रेम के धागे

### धर्म जागरण ने जगाई सनातन चेतना

**खेरागढ़।** धर्म जागरण समन्वय संगठन द्वारा क्षेत्र के गांव नगला कमाल में सोमवार को रक्षासूत्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता स्वामी हरिहरानंद महाराज ने कहा कि रक्षासूत्र केवल कलाई पर बांधा जाने वाला धागा नहीं, बल्कि प्रेम, विश्वास, समर्पण और सामाजिक दायित्व का पवित्र प्रतीक है। यह हमें अपने धर्म, संस्कृति और समाज के प्रति कर्तव्यों का स्मरण कराता है तथा एकता और समरसता का संदेश देता है। उन्होंने सभी से भेदभाव छोड़कर प्रेम, सद्भाव और भाईचारे के साथ रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सनातन धर्म, संस्कृति और समाज के प्रति जागरूक रहने तथा आपसी प्रेम और एकता को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला संयोजक राम लखन परमार, अरुण फौजी, हुकम सिंह, जयबीर सिंह, निरंजन सिंह, अभिषेक लवानियां सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## जमीन पर कब्जे के विरोध में बेटी और दंपत्ति को पीटा

### पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार

टीएनएफ टुडे, बाह।

बटेश्वर के गोल डांडा में सोमवार की सुबह 10 बजे जमीन पर कब्जे के विरोध पर बेटी समेत दंपत्ति को पीटे जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने घायलों का मेडीकल कराने के साथ ही दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गोल डांडा के दिनेश चन्द्र ने पुलिस को बताया कि सुबह 10 बजे छत्रपाल से जमीन के बटवारे का विवाद है। जमीन पर कब्जे के विरोध पर छत्रपाल और उसके बेटे आदित्य आदि ने हमला कर दिया। मारपीट में वह, बेटी नेहा, पत्नी केशकांति घायल हो गई। चीख पुकार मचने पर जुटे बस्ती के लोगों ने बीच बचाव कराया। मौके पर पहुंची बाह पुलिस ने तीनों घायलों का मेडीकल कराया है। वहीं मारपीट के आरोपी पिता छत्रपाल और पुत्र आदित्य को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान किया है। बाह पुलिस ने पीड़ित परिवार को मेडीकल रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया है।

## अंतिम संस्कार में बाधा डालकर चकरोड जोती

टीएनएफ टुडे, आगरा।

- भू-माफिया के आतंक से पीड़ित परिवार ने लगाई सुरक्षा की गुहार

जैतपुर थाना क्षेत्र के गांव गढवार में दबंग भू-माफिया के आतंक का मामला सामने आया है। आरोपियों पर न केवल एक पीड़ित परिवार को पिता का अंतिम संस्कार करने से रोकने का आरोप है। बल्कि अगले ही दिन सार्वजनिक चक रोड को ट्रैक्टर से जोतकर अवैध कब्जे की कोशिश भी की गई। पीड़ित ने आगरा पुलिस कमिश्नर से जान-माल की सुरक्षा और दबंगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है।

गांव गढवार निवासी पीड़ित बलवीर सिंह पुत्र स्वर्गीय विश्वनाथ सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गत 28 अगस्त को उनके पिता का देहांत हो गया था। जब परिवारजन अपने निजी खेत पर अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे। तभी गांव के दंबग लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि उक्त दबंगों ने दाह संस्कार की प्रक्रिया में जबरन रुकावट डाली। पीड़ित परिवार द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। दबंगों के हौसले इतने बुलंद थे कि घटना के अगले दिन 29 अगस्त आरोपियों ने पीड़ित के खेत के पास स्थित सरकारी चक रोड को ट्रैक्टर से जोतकर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया।

पीड़ित की सूचना पर पहुंची 112 पुलिस की गाड़ी को देखकर कुछ आरोपी मौके से भाग निकले। जबकि पुलिस ने मौके से कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया। पीड़ित बलवीर सिंह ने पुलिस से भू-माफिया के खिलाफ मुकदमा दर्जकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# तालाब ओवरफ्लो होने से घरों में घुसा

### फतेहाबाद के गांव पलिया में छतों पर रहने को मजबूर ग्रामीण

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।



विकास खंड फतेहाबाद के गांव पलिया में जलभराव के कारण हालात विकट हो गए हैं। गांव के तालाब की सफाई न होने और जल निकासी की कोई व्यवस्था न होने से तालाब का दूषित पानी ओवरफ्लो होकर लोगों के घरों में घुस गया है। इससे करीब एक दर्जन परिवारों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जलभराव के कारण कई लोगों को अपने घर खाली करने पड़े हैं। कई ग्रामीण छतों पर रहने को मजबूर हैं।

जलभराव के चलते बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। बुजुर्गों को पानी के बीच आने जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार रास्ते का अंदाजा नहीं होने के कारण पानी में गिर जाते हैं।

पशुओं को भी पानी के बीच ही बांधना पड़ रहा है, जिससे संक्रमण का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीण ओमप्रकाश ने बताया कि लंबे समय से तालाब की सफाई नहीं कराई गई है। तालाब में भारी मात्रा में कीचड़ और सिल्ट जमा है।

ऐसे में थोड़ी सी बरसात होते ही गंदा पानी ओवरफ्लो होकर रास्तों और घरों में भर जाता है। रास्तों पर जलभराव के कारण सड़कों पर गड्ढों का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। तालाब की गंदगी बहकर घरों तक पहुँचने से संक्रामक बीमारियां फैलने का भी खतरा बढ़ गया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि समस्या के समाधान के लिए कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन हर बार आश्वासन ही मिलता है। और समस्या जस की तस बनी हुई है और प्रशासन की अनदेखी का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। गांव में जलभराव की समस्या से मुख्य रूप से ओमप्रकाश, बंटी, देवेंद्र, जगदीश, सुभाष, दाताराम, तोताराम और प्रताप सिंह सहित करीब एक दर्जन ग्रामीणों के परिवार प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द तालाब की सफाई कराने और जल निकासी कराने की मांग की है।

## खेरागढ़ में भाजपा नेता का भव्य स्वागत

**खेरागढ़।** रविवार को भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष नीरज परमार का ग्रामीणों ने क्षेत्र में कई जगह जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम में परमार ने कहा कि कभी भी किसी भी समय मेरे घर के दरवाजे हर एक कार्यकर्ता के खुले हुए हैं।
मैं तन मन धन से लोगों की सेवा करूंगा। स्वागत कार्यक्रम में दिगम्बर धाकरे,पूर्व प्रधान महुआखेड़ा राज कुमार तोमर, अमर सिंह भगत जोगेंद्र सिंह एड, नेत्रपाल सिंह तोमर, धर्मेंद्र वर्मा, प्रवेंद्र राठौड़, ओमवीरसिंह मुखिया, विश्वेन्द्र परमार, गिर्राज तोमर, केदार सिंह, गजेंद्र सिकरवार, उदय प्रताप सिंह सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।'

## शौच को गये युवक पर लकड़बग्घे का हमला, एक अंगुली चबाई, दूसरे हाथ से कान पकड़ कर छुड़ाया, चचेरे भाई ने भगाकर बचाई जान

टीएनएफ टुडे, बाह।

खेडा राठौर के सन्नपुरा गांव में सोमवार की शाम 7.30 बजे शौच को गये सुनील कुमार पर लकड़बग्घे ने हमला कर दिया। लकड़बग्घे ने उसकी एक अंगुली चबा ली। सुनील ने हिम्मत नहीं हारी, कान पकड़ कर दूसरे हाथ से लकड़बग्घे के चंगुल से अंगुली छुड़ाई।
मेड़ पर बैठे ताऊ के बेटे प्रीतम सिंह की मदद से उसकी जान बच सकी। चंबल के बीहड़ के किनारे पर बसे सन्नपुरा गांव के महेश कुशवाह का बेटा सुनील कुमार अपने ताऊ के बेटे प्रीतम सिंह के साथ बेंत लेकर सोमवार शाम 7.30 बजे शौच को गये थे। सुनील कुमार ने बताया कि प्रीतम सिंह खेत की मेड़ पर बैठ गये थे। वह खेत में शौच को बैठने को ही थे कि बाजरा के खेत से भागता हुआ लकड़बग्घा (चरखा) आया और उसके बाएं हाथ की तर्जनी अंगुली को जबड़े में जकड़ लिया। उसने भाई को आवाज लगाने के साथ ही लकड़बग्घे का दूसरे हाथ से कान पकड़ा और अपनी अंगुली उसके चंगुल से छुड़ाई। इस दौरान लकड़बग्घे ने उसकी अंगुली का मांस नौंच लिया। भाई मौके पर आया और उसकी मदद से लकड़बग्घे को भगाया। लकड़बग्घा चंबल के बीहड़ की ओर भाग गया।

परिजनों ने घायल सुनील कुमार को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बाह पर भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद एसएन मेडीकल कॉलेज आगरा के लिए रेफर कर दिया। बाह के रेंजर कुलदीप सहाय पंकज ने बताया कि लकड़बग्घे की हमले की सूचना मिली है। बरसात के मौसम में बीहड़ से जंगली जानवर निकल कर बाहर आते हैं। नदी किनारे के ग्रामीणों को पहले से जागरुक किया जा रहा है। सन्नपुरा गांव के लोगों को भी जागरुक एवं सचेत किया जाएगा।

## जिंदा महिला को रिकॉर्ड में बताया मृत

### अब राशन कार्ड के लिए लगा रही गुहार

टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।

जगनेर ब्लॉक के नयागांव निवासी मीरा देवी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत कर बताया कि विभागीय रिकॉर्ड में उन्हें मृत दर्शाकर उनका राशन कार्ड निरस्त कर दिया गया है। महिला का कहना है कि रोजगार के सिलसिले में कुछ समय बाहर रहने के कारण राशन नहीं ले सकीं, जिसके बाद उनका कार्ड निरस्त हो गया।गांव लौटने पर जब उन्होंने नया राशन कार्ड बनवाने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया तो पोर्टल पर कार्ड की मुखिया को मृत दशार्ते हुए आवेदन निरस्त कर दिया गया। मीरा देवी ने अधिकारियों से कहा कि वह जीवित हैं और ग्राम प्रधान ने भी इसकी लिखित पुष्टि की है, लेकिन अब तक रिकॉर्ड में सुधार नहीं हुआ है।
पीड़िता ने विभागीय पोर्टल से अपना नाम मृतक श्रेणी से हटाकर राशन कार्ड बहाल कराने की मांग की है। मामला सामने आने के बाद विभागीय रिकॉर्ड की सटीकता पर सवाल उठ रहे हैं। एसडीएम खेरागढ़ नरेंद्र गंगवार का कहना है कि समाधान दिवस में मिली शिकायत पर जांच हेतु आपूर्ति विभाग के क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी को निर्देशित किया गया है। जांच रिपोर्ट उपरांत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण हो कार्रवाई: सीडीओ

-मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक

टीएनएफ टुडे, आगरा।



मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक हुई। इसमें जनपद के औद्योगिक क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को उद्यमियों द्वारा उठाई गई समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में सर्वप्रथम विगत बैठक की अनुपालन आख्या तलब की गई।

औद्योगिक क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति, सड़क एवं नाला निर्माण, जलभराव, साफ-सफाई, नालों की सफाई तथा आवागमन से संबंधित प्रकरणों पर विभागवार जानकारी ली गई। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्योग बंधुओं द्वारा प्रस्तुत समस्याओं का स्थलीय परीक्षण कराते हुए नियमानुसार समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में औद्योगिक क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों को रोस्टर के अनुरूप निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा विद्युत संबंधी समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। औद्योगिक क्षेत्रों में सड़क, नाला निर्माण एवं जलभराव से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही नालों की नियमित सफाई तथा जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक में औद्योगिक क्षेत्रों में साफ-सफाई, सड़क मरम्मत, जलभराव एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं की भी मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जानकारी तलब की गई।

उन्होंनेने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि औद्योगिक क्षेत्रों का नियमित निरीक्षण करते हुए आवश्यक कार्यवाही करें तथा कराए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जनपद में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। उद्योग बंधु समिति में प्राप्त प्रकरणों पर संबंधित विभाग समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें, जिससे उद्यमियों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार वर्मा, जिला उपायुक्त उद्योग शैलेंद्र कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण, जिला उद्योग बंधु समिति के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 12 को, तैयारियों की समीक्षा



टीएनएफ टुडे, आगरा।

- अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अधिकाधिक मामलों को लोक अदालत में चिह्नित करने के दिए निर्देश

12 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकाधिक वादों एवं मामलों को निस्तारण हेतु चिह्नित किए जाने का निर्देश दिया गया है। लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक मामलों का प्रभावी एवं त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से सोमवार को विकास गोयल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, तृतीय की अध्यक्षता में समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेटगण के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में अध्यक्ष द्वारा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा करते हुए न्यायालयों में लंबित ऐसे मामलों को प्राथमिकता के आधार पर चिह्नित किए जाने पर बल दिया गया। जिनका निस्तारण पक्षकारों की आपसी सहमति एवं सुलह-समझौते के आधार पर लोक अदालत के माध्यम से किया जा सकता है। उन्होंने अधिकाधिक मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में संदर्भित किए जाने तथा पक्षकारों को लोक अदालत के लाभों के संबंध में जागरूक किए जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर पंकज कुमार-क, सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्देश्यों एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि लोक अदालत त्वरित, सुलभ एवं कम खर्च में न्याय प्राप्त करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों एवं अधिवक्तागण से अधिकाधिक मामलों को चिन्हित कर राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित कराए जाने हेतु सहयोग की अपेक्षा की। बैठक में बार के अधिवक्तागण सहित समस्त संबंधित न्यायिक मजिस्ट्रेटगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने तथा अधिकाधिक मामलों के निस्तारण हेतु आवश्यक विचार-विमर्श किया गया।

# बिजली चोरी करने वालों की अब खैर नहीं

संयुक्त टीमों का सघन चेकिंग अभियान लगातार जारी

टीएनएफ टुडे, आगरा।

जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देशन में जनपद में विद्युत चोरी रोकने और लाइन लॉस कम करने के लिए विशेष सघन चेकिंग अभियान लगातार जारी है। जिला प्रशासन और विद्युत निगम की संयुक्त प्रवर्तन टीमों द्वारा उच्च विद्युत हानि वाले क्षेत्रों और चिन्हित फीडरों पर औचक निरीक्षण कर बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। जिलाधिकारी के निर्देश पर अवैध कटिया डालकर, मीटर से छेड़छाड़ अथवा मीटर को बाईपास कर बिजली चोरी करने वालों के विरुद्ध विद्युत अधिनियम-2003 की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कराने के साथ ही कनेक्शन काटने और नियमानुसार जुमार्ने की कार्रवाई की जा रही है। बड़े बकायेदारों और विभिन्न तरीकों से विद्युत चोरी करने वालों को भी अभियान के दायरे में लिया गया है।रविवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर उपकेंद्र बरौली अहीर के फीडर बरौली टाउन-1 क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान एसडीएम संतोष कुमार शुक्ला के साथ बिजली विभाग के एसडीओ, जेई और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। चेकिंग के दौरान कुल 6 लोगों को विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा गया। इनमें केदार लाल, संदरी, रघुवीर, अमर सिंह, रामजीत और विजय कुमार शामिल हैं। सभी के विरुद्ध विद्युत चोरी के मामले में एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है। एसडीएम संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि पिछले 15 दिनों से चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी कर पूर्व में 34 लोगों के खिलाफ विद्युत चोरी की एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है। रविवार की कार्रवाई में 6 और लोगों के खिलाफ कार्रवाई के बाद अभियान के दौरान कार्रवाई की संख्या 40 तक पहुंच गई है। प्रशासन की ओर से बिजली चोरी रोकने में आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील की गई है। बिजली चोरी की सटीक सूचना देने वाले नागरिकों की पहचान गोपनीय रखने के साथ उन्हें नियमानुसार प्रोत्साहन राशि अथवा इनाम देने का भी प्रावधान किया गया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिजली चोरी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अवैध कटिया, मीटर में छेड़छाड़ अथवा बाईपास कर बिजली का उपयोग करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# सिंधी समाज की महिलाओं ने मनाया तीजड़ी पर्व

- शंकर ग्रीन हाइट्स मंदिर ताजनगरी फेस-2 में आयोजन
- निर्जला व्रत रख सुनी कथा, पति की दीघार्यु की कामना

टीएनएफ टुडे, आगरा।



सिंधी समाज की महिलाओं ने कृष्ण पक्ष की तृतीया के अवसर पर श्रद्धा एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ तीजड़ी पर्व मनाया, शंकर ग्रीन हाइट्स मंदिर, ताजनगरी फेस-2 में आयोजित सामूहिक कार्यक्रम में सभी ने पूजा-अर्चना कर अपने पति की दीघार्यु, अखंड सौभाग्य और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। महिलाओं ने प्रातःकाल से ही निर्जला व्रत रखा। पूजा स्थल पर सिंधी समाज की पुरोहिता इंद्रा शर्मा द्वारा तीजड़ी माता की विधिवत (सामूहिक) पूजा-अर्चना की गई। महिलाओं ने कथा श्रवण के साथ सिंधी लोकगीत एवं भजनों की प्रस्तुति देकर पर्व की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत किया, शाम को चंद्रमा के दर्शन एवं अर्घ्य के बाद महिलाओं ने अपना व्रत खोला। इस अवसर पर चांदनी भोजवानी ने तीजड़ी पर्व की महत्ता बताते हुए भजन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि तीजड़ी सिंधी समाज की महिलाओं के लिए आस्था, प्रेम और पारिवारिक मंगलकामना से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है। इसमें महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और परिवार की खुशहाली के लिए श्रद्धापूर्वक व्रत रखती हैं। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सजकर हिस्सा लिया, पूजा के दौरान सिंधी समाज की पारंपरिक संस्कृति और रीति-रिवाजों की सुंदर झलक देखने को मिली। वर्षा वंजानी, इंदिरा शर्मा, प्रीती अरोरा, भूमि लोकवानी, निर्मला अरोड़ा, ज्योति नोतनानी, वीना वाधवानी, दिव्या, भूमिका आहूजा, वर्षा करीरा, कनक वंजानी, मीना मुरजानी, सुनीता विश्वानी, हिमांशी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

# लपकों पर कसा पर्यटन पुलिस का शिकंजा

- सोमवार को अभियान चलाकर 9 लपकों को किया गिरफ्तार

टीएनएफ टुडे, आगरा।



शहर के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को परेशान करने वाले कथित लपकों के खिलाफ पर्यटन पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। अभियान चलाकर पुलिस ने 9 लपकों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के बाद पर्यटन स्थलों के आसपास सक्रिय अन्य लोगों में भी खलबली मच गई है। आगरा में रोजाना बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक ताजमहल और अन्य ऐतिहासिक स्मारकों का दीदार करने पहुंचते हैं। पर्यटकों की भीड़ को देखते हुए पर्यटन स्थलों के आसपास कई लोग सक्रिय रहते हैं। आरोप है कि ये लोग पर्यटकों से संपर्क कर उन्हें गाइड, होटल, टैक्सी और अन्य पर्यटन सेवाएं उपलब्ध कराने के नाम पर अपने साथ ले जाने का प्रयास करते हैं। कई बार पर्यटकों को घेरकर अपनी सेवाएं लेने के लिए दबाव बनाने की शिकायतें भी सामने आती रही हैं। पर्यटकों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए पर्यटन पुलिस लगातार पर्यटन क्षेत्रों में निगरानी और चेकिंग अभियान चला रही है। इसी अभियान के तहत पुलिस टीमों ने संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए कार्रवाई की और नियमों का उल्लंघन करने वाले 9 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई एसीपी ताज सुरक्षा यतेंद्र नगर के नेतृत्व में की गई। अभियान में थाना पर्यटन प्रभारी पूनम त्यागी, एसआई मनीष कुमार, हेड कांस्टेबल ज्ञानेंद्र बाबू, आरसी सचिन कुमार और आरसी अतिश टीम-1 में शामिल रहे। वहीं टीम-2 में एसआई रवि कुमार, आरसी प्रिंस और आरसी केशव सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। दोनों टीमों ने पर्यटन क्षेत्रों में अभियान चलाकर पर्यटकों के आसपास संदिग्ध रूप से घूम रहे लोगों की जांच की और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की।पर्यटन पुलिस की इस कार्रवाई से ताजमहल और आसपास के पर्यटन क्षेत्रों में सक्रिय लपकों में हड़कंप मच गया है। पुलिस का उद्देश्य आगरा आने वाले पर्यटकों को सुरक्षित, सुविधाजनक और बेहतर माहौल उपलब्ध कराना है, ताकि देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों को परेशान करने, जबरन किसी सेवा को लेने के लिए दबाव बनाने अथवा पर्यटन व्यवस्था में अव्यवस्था फैलाने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। पर्यटन पुलिस की इस कार्रवाई को आगरा की पर्यटन व्यवस्था को व्यवस्थित करने और पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# गाली देने के विरोध पर दंपत्ति को पीटा

टीएनएफ टुडे, बाह।

गाली गलौज के विरोध पर दंपत्ति को पीटे जाने के मामले में बाह पुलिस ने दो सगे भतीजों पर प्राथमिकी दर्ज की है। बाह के तकिया शहर की पूजा ने दर्ज कराई प्राथमिकी के मुताबिक 29 अगस्त रात 9 बजे जेठ देवेन्द्र के बेटे आकाश और राहुल घर पर गाली गलौज कर रहे थे।

उसने और पति हरिशंकर ने गाली गलौज का विरोध किया तो हमला कर दिया। मारपीट में दोनों घायल हो गये। चीख पुकार पर बस्ती के लोग आए तो दोनों जान से मारने की धमकी देकर चले गये। बाह पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर घायल पूजा का मेडीकल कराया है।

# पिता-पुत्र की मौत पर सांसद ने बंधाया ढांढस

सांसद राजकुमार ने 21 हजार रुपये देकर किया सहयोग

टीएनएफ टुडे, कागारौल।



कस्बा निवासी जाटव समाज के शनि पुत्र सुरेन्द्र सिंह एवं उनके पिता सुरेन्द्र सिंह के सड़क दुर्घटना में असामयिक निधन की सूचना पर फतेहपुर सीकरी सांसद राजकुमार चाहर ने शंकर वाली जाटव बस्ती स्थित मृतकों के परिवार के निवास पर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से भेंट की तथा उन्हें सांत्वना प्रदान की।

सांसद राजकुमार चाहर ने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान जानकारी मिली कि पीड़ित परिवार के पास रहने के लिए स्वयं का पक्का आवास भी नहीं है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सांसद ने तत्काल उपजिलाधिकारी खेरागढ़ से दूरभाष पर वार्ता कर शासन-प्रशासन की ओर से परिवार को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

सांसद ने अपने लेटरहेड पर मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की मांग भी की। परिवार को हर संभव सहयोग दिलाने का भरोसा दिलाया। मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए सांसद राजकुमार चाहर ने मृतक सुरेन्द्र सिंह की पत्नी को अपनी ओर से आर्थिक सहयोग के रूप में ?21,000 की धनराशि भी भेंट की। इस दौरान पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष मेघराज सोलंकी (पिंटू), जयपाल सिंह चाहर, सतेंद्र यादव, सचिन गोयल, बूथ अध्यक्ष वीरपाल सिंह, मानू सहित अनेक स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# मिल्टन पब्लिक स्कूल में खेल प्रतिभाओं का उत्सव

क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार मित्तल रहे मुख्य अतिथि

टीएनएफ टुडे, आगरा।



मिल्टन पब्लिक स्कूल, अवधपुरी में प्रथम ताज खेल महोत्सव-2026 का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। अंतर-विद्यालयी खेल प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार मित्तल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करने का सशक्त साधन है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से खेलों में भाग लेने और जीत-हार से ऊपर उठकर खेल भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि मैदान पर सीखी गई मेहनत, अनुशासन और टीम भावना जीवन के हर क्षेत्र में सफलता दिलाती है। कार्यक्रम के दौरान विजेता खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किए गए। बच्चों के चेहरों पर जीत की खुशी और उपलब्धि का उत्साह साफ दिखाई दिया। प्रथम ताज खेल महोत्सव-2026 का आयोजन 30 अगस्त से 1 सितंबर तक मिल्टन पब्लिक स्कूल, अवधपुरी में किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना तथा विद्यालय स्तर पर उभरती खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच प्रदान करना है।

# भारत को जानो प्रतियोगिता में परखी बच्चों की प्रतिभा

टीएनएफ टुडे, आगरा।

- इतिहास, संस्कृति, खेलकूद और राजनीतिक विज्ञान से जुड़े सवालों ने बढ़ाया विद्यार्थियों का ज्ञान



भारत विकास परिषद निकुंज द्वारा अखिल भारतीय भारत को जानो प्रतियोगिता आठ विद्यालयों में कराई गई। इसमें सीनियर के 1000 छात्र एवं जूनियर के 900 छात्रों ने प्रतिभाग किया। संस्थापक प्रमोद अग्रवाल व संरक्षक विनय सिंघल ने बताया कि प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों में देश के प्रति ज्ञान और जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उनके अंदर छिपी प्रतिभा को भी निखारने का अवसर मिलता है। प्रतियोगिता में कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों के लिए कनिष्ठ वर्ग तथा कक्षा नौ से बारह तक के विद्यार्थियों के लिए वरिष्ठ वर्ग बनाया गया। विद्यार्थियों ने ओएमआर शीट पर परीक्षा दी।

अध्यक्ष राजेश कुमार गर्ग ने कहा कि प्रतियोगिता में विद्यार्थियों से भारत के इतिहास, संस्कृति, खेलकूद और राजनीतिक विज्ञान सहित विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। बच्चों ने उत्साह के साथ परीक्षा में भाग लिया और भारतीय संस्कृति एवं देश के गौरवशाली इतिहास से जुड़े प्रश्नों का उत्तर दिया। परीक्षा को पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से कराने के लिए सभी विद्यालयों में ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं।

प्रतियोगिता परिषद के पदाधिकारियों की निगरानी में संपन्न कराई। इस अवसर पर ब्रजप्रान्त महासचिव सीए विवेक अग्रवाल, सचिव श्रीभगवान सिंघल, कोषाध्यक्ष सीए प्रवीण गर्ग, संजय अग्रवाल, अमित गर्ग, शुभम सिंघल आदि मौजूद रहे।

**इन विद्यालयों में हुई प्रतियोगिता**

एनडीएस कॉन्वेंट स्कूल, आरवीएस वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, श्री सोवरन सिंह त्यागी इंटर कॉलेज, ठाकुर तेज सिंह इंटर कॉलेज, प्रकाश इंटर कॉलेज, नारायण सिंह इंटर कॉलेज, श्री लक्ष्मी देवी इंटर कॉलेज, एसकेएल मेमोरियल स्कूल सिकंदरा।


**टीएनएफ टुडे** मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।
**संपादकः धीरज शर्मा**, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com
पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

## सम्पादकीय

# मोहन भागवत के 'अमेरिकी सम्बोधन' के मायने

मेरे आकलन में अमेरिकी भाषण का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय मायना यही है: आरएसएस पहली बार इतने बड़े वैश्विक मंच पर अपने को केवल Hindu organisation के रूप में नहीं, बल्कि मानवता, विविधता और वैश्विक सामाजिक व्यवस्था के बारे में एक वैकल्पिक सभ्यतागत विचार देने वाली संस्था के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। और यदि यह रणनीति आगे ब्रिटेन, कनाडा और अन्य देशों में भी जारी रहती है, तो फ़र की शताब्दी के बाद का दशक भारत के भीतर वैचारिक प्रभाव से आगे बढ़कर वैश्विक वैचारिक प्रभाव की प्रतिस्पर्धा का दशक बन सकता है। आधुनिक भारत का सामाजिक चाणक्य समझे जाने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत एक असाधारण व्यक्तित्व के स्वामी हैं, क्योंकि उन्होंने भाजपा के 'गाबाज' नेतृत्व को बदलवाकर कांग्रेसियों/समाजवादियों को उनके ही राजनीतिक पीच पर 2014 में जो सियासी शिकस्त दिलवाई, उससे आम भारतीयों की राजनीतिक सोच ही बदल गई। पूरी दुनिया ने देखा कि एक मुस्लिम अमेरिकी महापौर (न्यूयॉर्क) ममदानी के विरोध के बावजूद मोहन भागवत सात समंदर पार अमेरिका पहुंचे और 29 अगस्त 2026 को न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में जो संबोधन दिया, वह केवल प्रवासी भारतीयों को संबोधित भाषण नहीं था, बल्कि इसे आरएसएस के शताब्दी-वर्ष में हिंदुत्व की वैश्विक प्रस्तुति और भारत की सांस्कृतिक कूटनीति (वसुधैव कुटुम्बकम) के एक महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में पढ़ा जा सकता है। जिस प्रकार से मोहन भागवत ने वहां 'एक विश्व-एक मानवतास, विविधता में एकता, मानवता और प्रवासी भारतीयों की जिम्मेदारी पर जो जोर दिया, वह यदि अगले 100 सालों में विश्व का सांस्कृतिक नक्शा बदल दे तो आपको हैरत में नहीं पड़ना चाहिए। क्योंकि कहा ही गया है कि अग्रसोचि सदा सुखी। इससे 100 साल पहले के आरएसएस और 100 बाद के आरएसएस की अलग झलक उनकी इस यात्रा गत सम्बोधन में मिलती है,... सबसे बड़ा राजनीतिक सवाल है: भागवत के अमेरिकी भाषण ने आरएसएस के सामने एक नई कसौटी खड़ी कर दी है: यदि हिंदुत्व वास्तव में विविधता, मानव-एकता और मुसलमानों सहित सभी समुदायों की बराबर जगह को स्वीकार करता है, तो क्या यही सिद्धांत भारत के घरेलू सामाजिक-राजनीतिक व्यवहार में भी उसी स्पष्टता से दिखाई देगा? इसी प्रश्न को लेकर भारत में विपक्ष ने उनके अमेरिकी वक्तव्य पर सवाल उठाए हैं—आलोचकों ने इसे "doublespeak" तक कहा है।

# नेपाल की त्रासदी से भारत को सबक लेने की जरूरत

नेपाल की घटना भारत के लिए भी गहरी चेतावनी है। इस चेतावनी से सीख लेने की जरूरत है। उत्तराखंड की केदारनाथ त्रासदी, 2021 की ऋषिगंगा आपदा और हिमालयी राज्यों में बार-बार आने वाली बाढ़, भूस्खलन एवं बादल फटने की घटनाएं पहले ही बता चुकी हैं कि पहाड़ों की सहनशीलता असीमित नहीं है। हिमालय में सड़कें, सुरंगें, जलविद्युत परियोजनाएं, होटल, बस्तियां और अन्य निर्माण आवश्यकताओं को पूरा करने के नाम पर तेजी से बढ़ रहे हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या इनके लिए पर्वतीय पर्यावरण की वहन क्षमता का पर्याप्त आकलन हो रहा है? विकास जरूरी है, मगर ऐसा विकास जो पहाड़ों को खोखला करके ही संभव हो, अंततः मानव जीवन और स्वयं विकास दोनों के लिए संकट बन सकता है। आज सबसे बड़ी आवश्यकता 'आपदा के बाद राहत' से आगे बढ़कर 'आपदा से पहले तैयारी' की है। अत्याधुनिक सैटेलाइट निगरानी, ड्रोन, रडार, नदी सेंसर, ग्लेशियर और ग्लेशियर झीलों की निरंतर निगरानी तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित पूवार्नुमान प्रणालियों को हिमालयी क्षेत्र में व्यापक स्तर पर विकसित करना होगा। शुरूआती चेतावनी प्रणाली केवल राजधानी या प्रशासनिक केंद्र तक सीमित न रहे, बल्कि पहाड़ के अंतिम गांव तक मोबाइल संदेश, सायरन, रेडियो और स्थानीय स्वयंसेवी तंत्र के माध्यम से पहुंचे। नेपाल में वर्तमान त्रासदी के बाद भी एक और संभावित झील के फटने की आशंका ने स्पष्ट कर दिया है कि एक आपदा समाप्त होते ही दूसरी आपदा का खतरा पैदा हो सकता है।

नेपाल में 26 अगस्त 2026 को आई विनाशकारी बाढ़ और हिमस्खलन ने एक बार फिर यह कठोर सत्य सामने ला दिया है कि प्रकृति के साथ खिलवाड़ और पहाड़ों की संवेदनशीलता की अनदेखी मानव सभ्यता के लिए कितनी भारी पड़ सकती है। भोटेकोशी नदी तंत्र में ग्लेशियर के बड़े हिस्से के टूटने, बर्फ-पत्थरों के विशाल मलबे के नीचे आने और नदी के प्रवाह में अस्थायी अवरोध बनने के बाद अचानक बाढ़ का जो रौद्र एवं भयावह रूप सामने आया, उसने नेपाल और चीन के तिब्बती क्षेत्र में भारी तबाही मचाई। 29 अगस्त तक उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार नेपाल में 579 और तिब्बत में 5 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है तथा लगभग 2,482 लोग लापता बताए जा रहे हैं। हजारों लोगों को बचाया गया है, लेकिन दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों और लगातार बने नए खतरे के कारण राहत एवं बचाव कार्य अभी भी चुनौतीपूर्ण हैं। यह घटना केवल नेपाल की प्राकृतिक त्रासदी नहीं है, बल्कि पूरे हिमालयी क्षेत्र के लिए भविष्य का भयावह संकेत है। प्रारंभिक वैज्ञानिक आकलन बताते हैं कि ग्लेशियर का हिस्सा टूटकर नीचे गिरा, जिससे बर्फ, चट्टान, मिट्टी और मलबे का विशाल प्रवाह पैदा हुआ। इसने नदी के प्रवाह को अवरुद्ध किया और बाद में जमा पानी तथा मलबे के दबाव से अचानक विनाशकारी बाढ़ आई। विशेषज्ञों के अनुसार ऐसे घटनाक्रम को केवल सामान्य बाढ़ कहना भूल होगी, यह ग्लेशियर, भूस्खलन, मलबा-प्रवाह और नदी-बाढ़ जैसे अनेक खतरों के एक साथ सक्रिय होने वाली 'बहु-आपदा' का उदाहरण है।

-अनाम

# क्या यूपी में चुनावी हवा का रुख बदल रहा है?, तलचट्टों का शोर या योगी की हैट्रिक?

बृज खंडेलवाल

**एक तरफ योगी की मजबूत सत्ता, सख्त कानून-व्यवस्था और चमकते एक्सप्रेसवे हैं। दूसरी तरफ बेरोजगार युवा, पेपर लीक और सोशल मीडिया पर गरजता एक अजीब नारा: 'हम कॉकरोच हैं!'**
**चुनावी बिगुल अभी बजा भी नहीं है, लेकिन उत्तर प्रदेश की सियासी गलियों में सवाल गूंज रहा है: हवा किस तरफ है?**



2027 की गर्मियों में 403 विधानसभा सीटों पर फैसला होगा। बहुमत के लिए 202 सीटें चाहिए। अगस्त 2026 के उपलब्ध सर्वेक्षणों में मुकाबला फिलहाल कांटे का दिखता है। भाजपा-एनडीए और सपा के नेतृत्व वाला विपक्षी गठबंधन लगभग बराबरी की जमीन पर खड़े नजर आते हैं। लेकिन एक दिलचस्प फर्क है। मुख्यमंत्री पद की पसंद में योगी आदित्यनाथ अभी भी अखिलेश यादव से काफी आगे दिखाई देते हैं। यानी पार्टी बनाम पार्टी मुकाबला कड़ा है, मगर चेहरे की लड़ाई में योगी का पलड़ा भारी है। 2012 में सपा ने 224 सीटें जीतकर सरकार बनाई थी। 2017 में भाजपा ने 312 सीटों के साथ ऐतिहासिक जीत दर्ज की। 2022 में भाजपा 255 सीटों पर सिमटी, जबकि सपा 111 सीटों के साथ मजबूत विपक्ष बनकर उभरी।

यूपी की राजनीति अब काफी हद तक भाजपा बनाम सपा हो चुकी है। बसपा कमजोर जरूर हुई है, लेकिन उसका वोट बैंक पूरी तरह खत्म नहीं हुआ। दो अंकों में रहने वाला उसका वोट प्रतिशत कई सीटों पर नतीजों का गणित बदल सकता है। बूढ़ा हाथी अब अकेले युद्ध नहीं जीत सकता, लेकिन उसकी चिंघाड़ अभी भी कई मैदान हिला सकती है। और अब मैदान में एक नया जीव चर्चा में है: कॉकरोच। नाम सुनते ही मुस्कान आती है। मगर राजनीति में कभी-कभी मजाक भी गंभीर संकेत बन जाता है।

'हम कॉकरोच हैं'; यह नारा पहली नजर में हास्यास्पद लगता है। लेकिन इसके भीतर युवाओं की गहरी बेचैनी छिपी है। 18 से 25 वर्ष के लाखों मतदाता डिजिटल दुनिया में जीते हैं। उन्हें लंबे भाषणों से ज्यादा मीम, रील और वायरल वीडियो प्रभावित करते हैं।

उनके सामने सवाल बहुत असली हैं, नौकरी कहां है? भर्ती कब होगी? पेपर लीक क्यों होते हैं? परीक्षा होगी तो परिणाम कब आएगा?

यहीं से 'कॉकरोच जनता पार्टी' जैसा व्यंग्यात्मक नैरेटिव गंभीर हो जाता है। संदेश सीधा है: अगर व्यवस्था हमें बार-बार कुचलती है, तो हम कॉकरोच की तरह फिर उठ खड़े होंगे। इस नैरेटिव की खासियत यह है कि इसमें जाति का झंडा नहीं है। इसमें हिंदुत्व का नारा भी नहीं है। यह सीधे रोजगार, शिक्षा और भर्ती व्यवस्था की नाकामी पर चोट करता है।

अगर यह आंदोलन सड़क से सोशल मीडिया तक फैलता है, तो भाजपा के युवा वोट में हलचल पैदा कर सकता है। तीन से पांच प्रतिशत वोट का मामूली झटका भी करीबी मुकाबलों वाली दर्जनों सीटों पर फर्क डाल सकता है। राजनीति में जीत हमेशा अपने वोट बढ़ाने से नहीं मिलती। कभी-कभी सामने वाले के वोटर को घर बैठा देना ही काफी होता है। फिर भी योगी सरकार की जमीन कमजोर नहीं है। कानून-व्यवस्था उसकी सबसे बड़ी राजनीतिक पूंजी है। एक्सप्रेसवे, सड़कें, एयरपोर्ट, बिजली, राशन, आवास और निवेश जैसे मुद्दों ने सरकार को डिलीवरी और विकास की छवि दी है। राम मंदिर ने सांस्कृतिक राजनीति को भी नई ऊर्जा दी।

सबसे महत्वपूर्ण बात: भाजपा का संगठन मजबूत है। बूथ स्तर तक उसकी पकड़ है। कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों का बड़ा वर्ग भी उसके साथ खड़ा दिखाई देता है।

लेकिन दो कार्यकाल के बाद सवाल भी बदलते हैं।

### अब आगे क्या?

यही भाजपा की असली परीक्षा है।

बेरोजगारी, पेपर लीक, भर्ती में देरी, महंगाई, किसान, शिक्षा और स्वास्थ्य चुनावी बहस के बड़े मुद्दे बन सकते हैं। युवा अब भाषण नहीं, नियुक्ति चाहता है। स्थानीय विधायकों के प्रति नाराजगी भी भाजपा के लिए सिरदर्द बन सकती है। मतदाता सरकार से संतुष्ट हो सकता है, लेकिन अपने विधायक से नहीं।

मतदाता की भाषा में कहें तो; 'लखनऊ ठीक है साहब, लेकिन हमारे मोहल्ले का विधायक बदलना चाहिए!' आगरा में यही स्थिति है। जनता विधायकों से नाराज है, मगर झुकाव भाजपा की तरफ है। कुछ ब्राह्मण वर्गों में नाराजगी की चचाएं भी तेज हैं। 'ठाकुर राज' जैसी शिकायतें सुनाई देती हैं। प्रतिनिधित्व और प्रशासनिक प्रभाव को लेकर असंतोष के स्वर हैं।

अखिलेश यादव इस मौके को भुनाना चाहते हैं। PDA की राजनीति में 'P' को पंडित तक ले जाने की कोशिश इसका संकेत है।

लेकिन नाराजगी का अर्थ वोट का पूरा हस्तांतरण नहीं होता। ब्राह्मणों का भाजपा से रिश्ता कई दशकों पुराना है। सपा की पुरानी यादव-केंद्रित छवि और कानून-व्यवस्था की पुरानी स्मृतियां भी उसके रास्ते में हैं।

अखिलेश ने 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा को नई ऊर्जा दी। ढळ्अ के जरिए दलितों और गैर-यादव पिछड़ों तक पहुंच बढ़ी। लेकिन विधानसभा का चुनाव अलग खेल है।

यहां उम्मीदवार, बूथ प्रबंधन, स्थानीय समीकरण और छोटे सामाजिक गठजोड़ बहुत मायने रखते हैं। कांग्रेस अभी जूनियर पार्टनर है। छोटे दल और अक्टक्ट जैसे खिलाड़ी कुछ सीटों पर वोट काट सकते हैं।

विपक्ष के पास मुद्दे हैं। संगठन भी धीरे-धीरे मजबूत हो रहा है। लेकिन अभी लहर दिखाई नहीं देती।

और मुद्दा होना तथा लहर होना; दो अलग चीजें हैं।

तो फिर हवा किस तरफ है?

अगस्त 2026 की तस्वीर में हवा किसी एक दिशा में तूफानी रफ्तार से नहीं बह रही। मुकाबला पिछली बार से निश्चित रूप से कठिन है। सत्ता विरोधी भावना मौजूद है, लेकिन अभी वह सुनामी नहीं बनी है।

कॉकरोच आंदोलन भाजपा के युवा वोट को प्रभावित कर सकता है। लेकिन उसका गैर-दलीय चरित्र विपक्ष के लिए भी जोखिम है। वह वोट में बदलेगा, मतदान से दूरी बनाएगा या केवल सोशल मीडिया का शोर रहेगा; यह कहना अभी जल्दबाजी होगी। आखिरकार चुनाव अभी दूर है। अगले दस महीनों में उम्मीदवार, गठबंधन, जातीय समीकरण और अंतिम समय का नैरेटिव बहुत कुछ बदल सकते हैं।

फिलहाल भाजपा के पास कई ठोस फायदे हैं, योगी की लोकप्रियता, मजबूत संगठन, कानून-व्यवस्था की छवि, कल्याणकारी योजनाएं और दिखाई देने वाला विकास।

### इसलिए शुरूआती तस्वीर साफ है:

मुकाबला कड़ा है, मगर हवा पूरी तरह बदली नहीं है।

अगर योगी सरकार बेरोजगारी और भर्ती की समस्या पर निर्णायक कदम उठाती है, युवाओं की नाराजगी कम करती है, स्थानीय विधायकों के खिलाफ असंतोष साधती है और सामाजिक संतुलन बनाए रखती है, तो भाजपा की बढ़त कायम रह सकती है।

2027 की कहानी अभी खुली किताब है। मगर शुरूआती पन्नों पर योगी का नाम साफ दिखाई देता है।

कॉकरोच शोर मचा सकते हैं। विपक्ष चुनौती दे सकता है। लेकिन चुनाव का फैसला अंततः काम, भरोसे और मतदाता के मूड से होगा।

और अगर अगले दस महीनों में सरकार प्रदर्शन मजबूत करती है, संगठन एकजुट रहता है और युवा असंतोष को समय रहते साध लिया जाता है, तो उत्तर प्रदेश में फिर इतिहास लिखा जा सकता है;

योगी आदित्यनाथ की हैट्रिक।

क्योंकि चुनाव में नारा कुछ दिनों तक चलता है।

काम का हिसाब पांच साल तक चलता है।

# हिमालय की बर्फ का टूटना सिर्फ पहाड़ की त्रासदी नहीं, एशिया के भविष्य का अलार्म है...

रामगोपाल बिश्नोई

नेपाल के रसुवा में लगभग 5200 मीटर की ऊंचाई पर लिरुंग ग्लेशियर का एक बड़ा हिस्सा टूटकर करीब एक किलोमीटर नीचे जा गिरा। उसके साथ बर्फ, चट्टानों और मलबे का ऐसा सैलाब नीचे उतरा कि भोटेकोशी नदी का पूरा तंत्र हिल गया। पहली नजर में यह पहाड़ की एक प्राकृतिक दुर्घटना लग सकती है, लेकिन असली सवाल यह है कि क्या ये दुर्घटनाएं अब प्राकृतिक रह भी गई हैं? क्योंकि हिमालय बार-बार संकेत दे रहा है—बर्फ टिक नहीं रही, पहाड़ स्थिर नहीं हैं और पानी का स्वभाव बदल रहा है।
यह सिर्फ नेपाल की कहानी नहीं है। यह भारत, पाकिस्तान, भूटान, बांग्लादेश और पूरे दक्षिण एशिया के भविष्य की कहानी है।

### तापमान की हर डिग्री, हिमालय के लिए एक खतरा

विश्व मौसम संगठन (हटड) और ब्रिटेन के टी३ ड्ड्री की मई 2026 की रिपोर्ट ने चेतावनी को और गंभीर बना दिया है। रिपोर्ट के अनुसार 2026 से 2030 के बीच 86 प्रतिशत संभावना है कि कम से कम एक वर्ष 2024 के रिकॉर्ड को तोड़कर दुनिया का सबसे गर्म वर्ष बन जाए। और इससे भी बड़ी चिंता यह है कि अगले पांच वर्षों में किसी एक वर्ष के औसत वैश्विक तापमान के औद्योगिक-पूर्व स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहने की 91 प्रतिशत संभावना है। यानी जिस 1.5 डिग्री की सीमा को कभी जलवायु संकट से बचने की महत्वपूर्ण लक्ष्मण रेखा माना गया था, वह अब चेतावनी की रेखा बनती जा रही है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। देश के औसत तापमान में पिछले एक सदी से अधिक समय में लगातार वृद्धि हुई है। हिंदू कुश हिमालय में तापमान बढ़ने की गति वैश्विक औसत से भी तेज देखी गई है। जम्मू-कश्मीर से लेकर हिमालय के दूसरे हिस्सों तक अध्ययन यह संकेत दे रहे हैं कि पहाड़ों का तापमान बढ़ रहा है और खासकर रातें तेजी से गर्म हो रही हैं। रात का गर्म होना हिमालय के लिए मामूली बदलाव नहीं है। बर्फ को जमने और टिकने के लिए ठंड चाहिए। जब रातें भी गर्म होंगी तो हिमालय की बर्फ की प्राकृतिक मरम्मत ही रुक जाएगी।

### हिमालय की बर्फ अब दोगुनी रफ्तार से जा रही है

काठमांडू स्थित कळ्टडऊकी 2026 की रिपोर्टों ने दुनिया को स्पष्ट चेतावनी दी है। हिंदू कुश हिमालय के ग्लेशियरों के पिघलने की रफ्तार 2000 के बाद लगभग दोगुनी हो गई है। जहां 2000 से पहले बर्फ की औसत मोटाई घटने की दर लगभग 34 सेंटीमीटर प्रतिवर्ष थी, वहीं अब यह करीब 73 सेंटीमीटर प्रतिवर्ष तक पहुंच गई है। 1975 के बाद से हिमालय के कई ग्लेशियरों में बर्फ की मोटाई में भारी कमी आई है। गंगा, ब्रह्मपुत्र और सिंधु जैसे विशाल नदी तंत्रों का भविष्य इन्हीं ग्लेशियरों से जुड़ा हुआ है। इन नदियों को केवल नक्शे पर बहती जलधाराएं समझना भूल होगी। इनके किनारे खेत हैं, गांव हैं, शहर हैं, उद्योग हैं और करोड़ों लोगों की जिंदगी है। हिमालय की बर्फ कम होना मतलब केवल पहाड़ का छोटा होना नहीं है; इसका अर्थ है एशिया की जल सुरक्षा का कमजोर होना।

### पहले बाढ़, फिर सूखा—जलवायु संकट का सबसे खतरनाक चेहरा

ग्लेशियर तेजी से पिघलते हैं तो शुरूआती दौर में नदियों में पानी बढ़ सकता है। इससे बाढ़, ग्लेशियल झीलों के फटने यानी ऋछडऋ भूस्खलन और अचानक आने वाली बाढ़ का खतरा बढ़ता है। लेकिन संकट का दूसरा चेहरा इससे भी भयावह है।
जब ग्लेशियर लगातार सिकुड़ते जाएंगे और उनका बर्फीला भंडार कम होता जाएगा, तब गर्मियों में नदियों को मिलने वाला प्राकृतिक पानी भी घटेगा।
आज जिस पानी की अधिकता से बाढ़ आ रही है, कल उसी पानी की कमी से खेत सूख सकते हैं। यानी जलवायु परिवर्तन का समीकरण है—
पहले पानी ज्यादा, फिर पानी गायब।
और इस बीच पहाड़ों की अस्थिरता बढ़ती जाएगी। ग्लेशियर के भीतर और नीचे पिघला पानी पहुंचने पर बर्फ और चट्टान के बीच फिसलन बढ़ सकती है। ऊपर जमा मलबा और बर्फ अचानक खिसक सकती है। ऐसी घटनाएं Rock-Ice Avalanche और उससे जुड़ी फ्लैश फ्लड को जन्म दे सकती हैं।
नेपाल की घटना इसी बदलते खतरे की ओर इशारा करती है।
दोष केवल आसमान में बढ़ते तापमान का नहीं
जलवायु संकट को केवल कार्बन डाइऑक्साइड तक सीमित करके देखना भी बड़ी भूल होगी।
डीजल, कोयला, कचरा और पराली जलाने से निकलने वाला ब्लैक कार्बन हिमालय तक पहुंचकर बर्फ की सतह को काला करता है। सफेद बर्फ सूरज की रोशनी को ज्यादा परावर्तित करती है, लेकिन काली सतह अधिक गर्मी सोखती है। नतीजा—पिघलने की रफ्तार और बढ़ती है। इसलिए दिल्ली की हवा, पंजाब की पराली, राजस्थान का धूल-धुआं और हिमालय की बर्फ अलग-अलग समस्याएं नहीं हैं। ये एक ही जलवायु तंत्र की अलग-अलग कड़ियां हैं।
हिमालय पिघला तो असर थार तक आएगा
अक्सर हिमालय की चिंता को केवल पर्वतीय राज्यों की समस्या मान लिया जाता है। यह सबसे खतरनाक भ्रम है। सिंधु, गंगा और ब्रह्मपुत्र केवल हिमालय की नदियां नहीं हैं। वे भारत की कृषि, अर्थव्यवस्था, खाद्य सुरक्षा और करोड़ों लोगों के जीवन की धुरी हैं। हिमालय से निकलने वाला पानी उत्तर भारत के मैदानों से गुजरता हुआ राजस्थान की सीमाओं तक पहुंचता है और आगे बांग्लादेश तक जीवन देता है।
इसलिए बीकानेर का किसान और हिमालय का ग्लेशियर एक-दूसरे से उतने ही जुड़े हैं, जितना बादल और बारिश। आज अगर पहाड़ पर बर्फ टूट रही है तो कल उसका असर मैदान के खेत में दिखाई देगा। आज अगर ग्लेशियर पीछे हट रहा है तो कल नहरों में पानी की कहानी बदल सकती है।

### अब सवाल पेड़ बचाने का नहीं, सभ्यता बचाने का है

जलवायु संकट पर दुनिया ने वर्षों तक सम्मेलन किए। लक्ष्य बनाए। घोषणाएं हुईं। लेकिन धरती घोषणाओं से ठंडी नहीं होती। उसे जंगल चाहिए। नदियां चाहिए। मिट्टी चाहिए। पेड़ चाहिए। स्वच्छ हवा चाहिए। हिमालय को बचाने की लड़ाई केवल ग्लेशियरों की निगरानी से नहीं जीती जाएगी। शहरों के प्रदूषण, जंगलों की कटाई, जीवाश्म ईंधन, अनियंत्रित निर्माण और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन पर भी रोक लगानी होगी।
थार में खेजड़ी बचाने की लड़ाई हो या हिमालय में ग्लेशियर बचाने की—दोनों का मूल प्रश्न एक ही है:
क्या विकास प्रकृति को नष्ट करके किया जाएगा या प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर?
हमें तय करना होगा कि आने वाली पीढ़ियों को हम नदियां देंगे या सूखे नदी-पात्र, जंगल देंगे या कंक्रीट, ठंडी पहाड़ियां देंगे या पिघलते ग्लेशियर। नेपाल की घटना को एक और खबर बनाकर भूल जाना सबसे बड़ी भूल होगी।
क्योंकि ग्लेशियर अकेले नहीं पिघल रहे। उनके साथ हमारी जल सुरक्षा, हमारी खेती, हमारी अर्थव्यवस्था और हमारी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य भी पिघल रहा है।

## सितारों की चाल: आपका भविष्यफल

**दिनांक 2 सितंबर 2026 बुधवार**

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।



मार्गदर्शन: आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

### शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज मेष वृषभ मिथुन सिंह तुला और धनु राशि के जातकों का आत्मबल मानसिक उत्साह और भाग्य का संबल अत्यंत उत्तम रहेगा। बुधवार का दिन प्रथम पूज्य विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश तथा बुद्धि के प्रदाता बुध देव की उपासना के लिए परम पवित्र और अक्षय फलदायी माना जाता है। आज के दिन गणेश जी को दूर्वा दल अर्पित करने तथा गणपति अथर्वशीर्ष का वाचन करने से जीवन की समस्त रुकावटें दूर होती हैं और असीम ज्ञान आरोग्यता तथा व्यापारिक सफलता प्राप्त होती है।

### मेष

आज आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा और व्यावसायिक साख में भारी वृद्धि होगी जिससे कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव अत्यधिक बढ़ेगा। पुराने अटके हुए काम गति पाएंगे और सोची हुई योजनाएं सफलतापूर्वक क्रियान्वित होंगी। भगवान गणेश जी को दूर्वा अर्पित करें जिससे आपके मार्ग की सभी बाधाएं दूर होंगी।

### वृष

आज का दिन आपके लिए आर्थिक और पारिवारिक दृष्टिकोण से अत्यंत भाग्यशाली सिद्ध होगा और भूमि से जुड़े मामले हल होंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के सहयोग से आपको कोई मुख्य जिम्मेदारी मिल सकती है जिससे मन प्रसन्न रहेगा। गणेश चालीसा का पाठ करें जिससे आपके घर में सुख समृद्धि का वास होगा।

### मिथुन

आज आप अपनी तीव्र बुद्धिमत्ता और प्रखर वाणी के बल पर जटिल से जटिल व्यापारिक समस्याओं को बेहद आसानी से हल कर लेंगे। अत्यधिक काम के बोझ के कारण होने वाली शारीरिक थकावट से खुद को बचाएं। गणपति जी के सम्मुख घी का दीप प्रज्वलित करें जिससे आपके भाग्य के द्वार खुलेंगे।




### कर्क

आज मानसिक रूप से आप खुद को अत्यधिक ऊर्जावान महसूस करेंगे जिससे किसी महत्वपूर्ण व्यावसायिक निवेश का निर्णय लेने में सफलता मिलेगी। परिवार की ओर से कोई अत्यंत सुखद समाचार प्राप्त हो सकता है। रिद्धि सिद्धि के दाता को मोदक अर्पित करें जिससे आपकी चिंताएं समाप्त होंगी।

### सिंह

आज कार्यस्थल पर सहकर्मियों के साथ किसी भी प्रकार के व्यर्थ के अहंकार से आपको पूरी तरह बचना होगा। वाहन खरीदते समय अपने बजट का ध्यान रखें और अत्यधिक खर्च पर नियंत्रण रखें। मस्तक पर केसर का तिलक लगाएं जिससे राजनीति के क्षेत्र में आपकी विजय होगी।

### कन्या

आज आपको मित्रों और उच्च सहयोगियों की मदद से किसी नए व्यावसायिक अनुबंध की प्राप्ति होगी जिससे पूंजी में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को परीक्षा में अपनी मेहनत का बहुत सकारात्मक परिणाम प्राप्त होगा। बेसहारा लोगों को भोजन कराएं जिससे आपके यश में निरंतर वृद्धि होगी।

### तुला

आज सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र से जुड़े जातकों का प्रभाव विस्तृत होगा और उनके कार्यों की हर स्तर पर सराहना होगी। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी के सहयोग से रुका हुआ काम पूरा होगा। मंदिर में हरी मूंग की दाल दान करें जिससे आपके भ्रम दूर होंगे।

### वृश्चिक

आज धार्मिक यात्राओं और देव दर्शन के सुंदर योग बन रहे हैं जिससे मन को असीम शांति मिलेगी। व्यावसायिक क्षेत्र में किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें। संकट नाशन गणेश स्तोत्र का वाचन करें जिससे आपके मार्ग की सभी बाधाएं दूर होंगी।

### धनु

आज सेहत को लेकर विशेष रूप से सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि अत्यधिक कार्यभार के कारण थकावट महसूस हो सकती है। संबंधियों के साथ धन का लेनदेन करते समय पूरी सावधानी बरतें। गणेश मंत्र का जाप करें जिससे आपके भीतर नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

### मकर

आज साझेदारी में चल रहे व्यापार में मनोनुकूल प्रगति होगी और नए सहयोगी सम्मिलित होने से काम को एक नई गति प्राप्त होगी। पारिवारिक रिश्तों में आपसी तालमेल बहुत मधुर रहेगा। विघ्नहर्ता गणेश जी को याद करें जिससे आपके पारिवारिक जीवन के कष्ट दूर होंगे।

### कुंभ

आज आप अपने पराक्रम और कुशल कूटनीति के बल पर विरोधियों के हर षड्यंत्र को पूरी तरह से ध्वस्त करने में सफल रहेंगे। पुराने मामलों में आज आपके पक्ष में कोई सुखद खबर मिल सकती है। पक्षियों को अन्न खिलाएं जिससे आपके मन का भय पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

### मीन

आज कला साहित्य और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिभाओं को कोई महत्वपूर्ण पहचान मिलने के सुंदर योग बन रहे हैं। संतान की शिक्षा को लेकर चल रही पुरानी चिंताएं समाप्त होंगी। मंदिर में धार्मिक पुस्तक दान करें जिससे आपके सुख और साधनों में वृद्धि होगी।

### आज का वास्तु शोधनम सूत्र

बुधवार के दिन भवन के उत्तर या ईशान कोण को स्वच्छ रखकर वहां हरे पौधे स्थापित करने तथा हल्दी से स्वास्तिक चिन्ह निर्मित करने से घर का गंभीर वास्तु दोष समाप्त होता है तथा श्री गणेश की कृपा से परिवार का आर्थिक संकट दूर होता है और सुख समृद्धि संवर्धित होती रहती है।

# डाइट पर योगाभ्यास और पठन प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, मथुरा में योगाभ्यास और पठन प्रतियोगिता शिक्षक/शिक्षिकाओं वर्ग के अंतर्गत सम्पन्न हुई। योगाभ्यास प्रतियोगिता के अंतर्गत शिक्षकों में प्रथम स्थान मनोज कुमार रावत,प्राथमिक विद्यालय ऊमरी, ब्लॉक मथुरा द्वितीय स्थान देशराज, प्राथमिक विद्यालय नगला गिरवर, गोवर्धन, तृतीय स्थान राजकमल प्राथमिक विद्यालय मगदा, राया और शिक्षकाओं में प्रथम स्थान पार्वती प्राथमिक विद्यालय गढ़ी रोसू, फरह, द्वितीय स्थान प्रेरणा राष्ट्रीय बालिका इंटर कॉलेज बलदेव एवं तृतीय स्थान नीरज चौधरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मांट। इसी क्रम में पठन प्रतियोगिता के परिणाम के अंतर्गत बेसिक/माध्यमिक वर्ग में क्रमशःप्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान भारती, परी, कविता एवं लहर चतुवेर्दी, सोफिया, गौरी ने प्राप्त किए।

प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए एन. सी. ई. आर. टी. सदस्य,शिक्षाविद, पूर्व आचार्य श्रीजी बाबा विद्यालय और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता डॉक्टर राकेश चंद चतुवेर्दी ने कहा कि हम सबको व्यसनों से दूर रहते हुए बच्चों को भी दूर रखना और व्यवहारिक रूप से देशभक्त बनाना है। प्रतियोगिता प्रभारी हरेश सिंह और नरेंद्र सिंह ने क्रमशः बताया कि योगाभ्यास प्रतियोगिता में कुल 42 शिक्षक/शिक्षकओं और पठन प्रतियोगिता में 22 छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया है। पुरस्कार समारोह में संस्थान के प्राचार्य डॉ. धर्मेंद्र शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को शुभाशीष प्रदान किया।

प्रभारी हरेश सिंह और नरेंद्र सिंह ने विजेताओं की घोषणा की। अंत में सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को प्राचार्य डॉ धर्मेंद्र शर्मा और वरिष्ठ प्रवक्ताओं जमुना प्रसाद सुमन एवं संजय डबराल ने ट्रॉफी और प्रमाणत पत्र देकर सभी शिक्षक/शिक्षकाओं को सम्मानित किया। इन प्रतियोगिताओं में डीएलएड प्रशिक्षुओं शुभम, पुष्कर, अखिल, अभिषेक, मोनिका, संजू, आशु और बादल साहनी ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया। समापन सत्र में प्रवक्ता हरेश कुमार सिंह, नरेंद्र सिंह, दिगम्बर सिंह, डॉक्टर गौरी पाण्डेय , संतोष कुमार सिंह, कुसुम लता, शिखा शर्मा और हिमांशु मोहन रावत उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी हरेश सिंह ने दी है।

# गोवर्धन पहुंचे सपा नेता रामगोपाल, सरकार पर साधा निशाना

- देश का संचालन करने वालों को सद्बुद्धि की प्रार्थना
- हनुमान बाग आश्रम में पूजा-अर्चना के बाद भंडारे में शामिल हुए

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, गोवर्धन।



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रो रामगोपाल यादव सोमवार को डीग रोड स्थित हनुमान बाग आश्रम पहुंचे। यहां उन्होंने हनुमान जी के दर्शन-पूजन के उपरांत भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया और संत सियाराम दास से आशीर्वाद लिया। आश्रम में लाला और बाबा की 33वीं पुण्यतिथि महोत्सव के अवसर पर आयोजित भंडारे में साधु-संतों और ब्राह्मणों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने देश की आर्थिक स्थिति पर चिंता जताते हुए केंद्र सरकार पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि देश की आर्थिक स्थिति लगातार खराब हो रही है और वे हनुमान जी से प्रार्थना करते हैं कि देश का संचालन करने वालों को सद्बुद्धि मिले, ताकि वे देशहित में निर्णय लें। मुजफ्फरनगर के चर्चित अंकित बाल्यान हत्याकांड और उसके बाद हुए एनकाउंटर के मुद्दे पर उन्होंने यूपी पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने प्रदेश की कानून-व्यवस्था को कमजोर बताते हुए उक्त एनकाउंटर को फर्जी करार दिया। सपा के पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) फामूर्ले पर भाजपा नेताओं की टिप्पणी का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा पीडीए की ताकत को भलीभांति समझती है और इसी कारण उसके नेता अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं।

इस अवसर पर चरण कौशिक, गिरधारी सेठ, गौरी शंकर, ठाकुर किशोर सिंह, सतीश ब्रजवासी, संत सुतीक्ष्ण महाराज, पूरन प्रकाश कौशिक, सियाराम शर्मा सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।



## भूपेश अग्रवाल बने श्री अग्रवाल सभा राया अध्यक्ष, स्वागत

**टीएनएफ टुडे, राया।** श्री अग्रवाल सभा के अध्यक्ष पद पर भूपेश अग्रवाल को मनोनीत किए जाने पर अग्रवाल समाज में हर्ष का माहौल है। श्यामलाल मदनलाल धर्मशाला में अग्रवाल समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रमेश अग्रवाल बजाज जी ने की। बैठक में समाज के पदाधिकारियों, वरिष्ठ सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों ने नवनियुक्त अध्यक्ष भूपेश अग्रवाल का स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। नवनियुक्त अध्यक्ष भूपेश अग्रवाल ने समाज के वरिष्ठजनों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज के सभी लोगों के सहयोग एवं मार्गदर्शन से संगठन को मजबूत बनाने तथा समाजहित के कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, शंकरलाल पंसारी, पवन अग्रवाल, अमित गर्ग, मन्नू अग्रवाल, मोहनलाल परचूनी, मुन्नालाल अग्रवाल, चंद्रमोहन अग्रवाल ,प्रदीप नसबार वाले, नीरज अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, राधेलाल कसेरा वाले, मोहन नारायण स्वामी, अमित गोयल, संदीप अग्रवाल, मनोज अग्रवाल एवं प्रभात अग्रवाल सहित समाज के अनेक सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## स्वामी हरिदास संगीत एवं नृत्य महोत्सव का आयोजन 18 सितम्बर से



**टीएनएफ टुडे, वृंदावन।** संगीत शिरोमणि स्वामी हरिदास समिति के बैनर तले श्री राधा अष्टमी पर्व पर दो दिवसीय संगीत एवं नृत्य महोत्सव का आयोजन 18 सितम्बर से किया जा रहा है। महोत्सव को भव्य रूप देने के लिए समिति ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। संगीत शिरोमणि स्वामी हरिदास समिति द्वारा विगत करीब दो दशकों से अधिक समय से विराट संगीत एवं नृत्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भारतीय शास्त्रीय संगीत की अनंत गहराइयों से संगीत प्रेमियों को रूबरू कराने के उद्देश्य से समिति द्वारा ख्यातिलब्ध संगीत फनकारों के साथ उभरती प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जाता है। इस वर्ष महोत्सव का आयोजन 18 एवं 19 सितम्बर को किया जा रहा है। महोत्सव को भव्य रूप देने के लिए समिति द्वारा एक बैठक का आयोजन रविवार को केशव कुंज स्थित कार्यालय पर किया गया। जिसमें महोत्सव के व्यापक प्रचार प्रसार के साथ सोशल मीडिया के माध्यम से युवा पीढ़ी को भारतीय शास्त्रीय संगीत से जोड़ने पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके अलावा संगीत प्रेमियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने सम्बन्धी कई बिंदुओं पर मंथन किया गया। समिति के सदस्य अभय वशिष्ठ ने बताया कि हमारा उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को संगीत से जोड़ना है। इस मौके पर सचिव गोपी गोस्वामी, संजय गोस्वामी, रवि शर्मा, निखिल भारद्वाज, विश्वनाथ गोस्वामी, श्रीनाथ गोस्वामी, मनीष शर्मा, मनोज शर्मा, सौरभ कुलश्रेष्ठ, गौर सुंदर विश्वास मौजूद रहे।

## अपराधी सीताराम छह माह को जिला बदर

**टीएनएफ टुडे, मथुरा।** प्रदेश सरकार की अपराध मुक्त मुहिम रंग ला रही है। लगातार अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की धर पकड़ की जा रही हैं। इसी कड़ी में सोमवार को जिला मजिस्ट्रेट ने अनेक अपराधों में लिप्त थाना जैत के निवासी सीताराम को छह माह के लिए जनपद से बाहर करने के आदेश जारी कर दिए। जिला मजिस्ट्रेट ने सीताराम पुत्र बहादुर सिंह को निर्देशित किया है कि वह उक्त आदेश की प्राप्ति की तिथि से इस जनपद की सीमा से स्वयं बाहर चला जाये और तब तक जनपद की सीमा में प्रवेश न करे जब तक यह अवधि समाप्त न हो जाये। सीताराम पुत्र बहादुर सिंह जनपद से बाहर रहने की सूचना प्रभारी निरीक्षक, जैत जिला मथुरा को देगा।

## बाल अपचारी तमंचा के साथ पकड़ा

**फतेहाबाद।** थाना डौकी पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर बाइक सवार बाल अपचारी को तमंचा कारतूस सहित पकड़ा गया। थानाध्यक्ष डौकी सुनीत शर्मा ने बताया कि सोमवार को टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना मिली कि एक बाइक सवार बाल अपचारी चितौरा साइकिल ट्रैक पर अवैध तमंचा व कारतूस के साथ खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो एक बाइक सवार पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। घेराबंदी कर पकड़ लिया। जिसके कब्जे से एक तमंचा, दो कारतूस बरामद किए गए है। जिसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# वैदिक मंत्रों से गुंजायमान हुआ मथुरा नगर का होली गेट

**जयतु संस्कृतम् जयतु भारतम् के उद्घोष के साथ निकाली गई संस्कृत जागरूकता शोभायात्रा**




टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

श्रावण पूर्णिमा विश्व संस्कृत दिवस के उपलक्ष में संस्कृत भारती द्वारा आयोजित संस्कृत सप्ताह के अन्तर्गत मथुरा नगर में भव्य संस्कृत जागरुकता शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में संस्कृत विद्यालयों एवं माध्यमिक विद्यालयों के सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राओं एवं संस्कृत शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर छात्रों ने जयतु संस्कृतम् जयतु भारतम् के गगनभेदी नारों से नगर के प्रमुख बाजारों को गुंजायमान किया। वहीं संस्कृत विद्यालय के विद्वान छात्रों द्वारा चारों वेदों का सस्वर पाठ कर होली गेट चौराहे को वेद ध्वनि से गुंजायमान किया गया। छात्र छात्राओं ने हाथों में संस्कृत ध्येय वाक्य लिखित तख्तियां ले रखी थी। संस्कृत जागरुकता शोभायात्रा में प्रमुख रुप से संस्कृत भारती ब्रजप्रांत मंत्री डॉ धर्मेन्द्र कुमार अग्रवाल, न्यास सचिव गंगाधर अरोड़ा, विभाग संयोजक श्यामसुंदर शर्मा, मथुरा जनपद अध्यक्ष आचार्य ब्रजेन्द्र नागर , प्रचार जप्रमुख रामदास चतुवेर्दी शास्त्री, हरस्वरुप यादव आदि ने छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर संस्कृत भारती ब्रजप्रांत मंत्री डॉ धर्मेन्द्र कुमार अग्रवाल एवं न्यास सचिव गंगाधर अरोड़ा ने कहा कि संस्कृत भारती का मुख्य उद्देश्य है भारतवर्ष की भावी पीढ़ी को संस्कृत भाषा के प्रति जागरूकता पैदा करना जिससे अपने देश की प्राचीन संस्कृति सभ्यता और संस्कारों को सुरक्षित रखा जा सके। मथुरा जनपद अध्यक्ष आचार्य ब्रजेन्द्र नागर ने कहा संस्कृत भाषा अब केवल पूजा पाठ तक सीमित नहीं है यह ज्ञान व विज्ञान की भाषा के रुप में विश्व के अनेक देशों में वैज्ञानिकों द्वारा स्वीकार की जा रही है। शोभायात्रा के समापन पर विभाग संयोजक श्याम सुंदर शर्मा ने सभी को संस्कृत सप्ताह में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया।

# श्री कृष्ण जन्मभूमि पर लीला मंचन आज से

- शास्त्रीय परंपराओं एवं ब्रज भाव के अनुरूप तैयारियां पूरी

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

श्रीकृष्ण-जन्मभूमि की परंपरागत कृष्ण-लीलाओं को शास्त्रीय परंपराओं, मयार्दाओं एवं ब्रज के भाव के अनुरूप संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियॉ अपनी पूर्णता की ओर हैं। योगेश्वर की लीलाओं का मंचन एक सितंबर से सायंकाल होगा। संस्थान के सचिव कपिल शर्मा बताया कि अनन्त लीला पुरूषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य दिवस श्रीकृष्ण-जन्माष्टमी के अवसर पर श्रीकृष्ण-जन्मभूमि के सिद्ध लीलामंच पर आयोजित होने वाली परंपरागत श्रीकृष्ण लीला का आयोजन इस वर्ष ह्यश्रीकृष्ण लीला मण्डलह्ण जन्मस्थान के भावपूर्ण सहयोग से कराया जायेगा। रासलीलाओं का मंचन पूर्ण रूप से शास्त्रीय मयार्दाओं एवं रसिक बिहारी के भाव को धारण करते हुऐ होगा। ऐसी भावमय लीलाओं के लिए सुप्रसिद्ध रासाचार्य स्वामी श्री देवकीनन्दन महाराज के विशिष्ट मार्गदर्शन में उनकी मण्डली के द्वारा दर्शन कराया जायेगा। ह्यश्रीकृष्ण लीला मण्डलह्ण की कार्यकारिणी के सदस्य इन लीलाओं के आयोजन में पूर्ण भाव से लगे हुऐ हैं।

कौन सी लीला कब होगी श्रीकृष्ण-जन्मभूमि में आयोजित होने वाली इन सिद्ध कृष्ण लीलाओं के प्रथम दिन माखन-चोर लीला के दर्शन होंगे। माखन चोर लीला में श्रीठाकुरजी ने स्वयं अपने हाथों से ब्रजवासियों को माखन भोग प्रदान किया था। आज भी संतों की मान्यता है कि परंपरागत सिद्ध कृष्ण लीला में रसिक बिहारी से प्राप्त माखन प्रसाद श्रद्धा एवं भाव से गृहण करने से भगवती अन्नपूर्णा की विशेष कृपा होती है। बताया गया है कि प्रबंध समिति के सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुवेर्दी भी व्यवस्थाओं में लगे हुए हैं।

# कोसी रामलीला संस्थान में अध्यक्ष पद पर फंसा पेंच, चुनाव स्थगित

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



कोसीकलां स्थित श्री रामलीला संस्थान में अध्यक्ष पद का चुनाव टल गया है। भरत मिलाप चौक पर आयोजित चुनावी बैठक में 11 पंचों की पंचायत भी नए अध्यक्ष के नाम पर सहमति नहीं बना सकी, जिसके बाद चुनाव स्थगित कर नई तारीख पर कराने का फैसला लिया गया। कोसीकलां के भरत मिलाप चौक पर हनुमानजी के ध्वज तले पुलिस सुरक्षा के बीच श्री रामलीला संस्थान की चुनावी बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पंडित विष्णु दत्त शर्मा ने की, जहां सबसे पहले निवर्तमान अध्यक्ष अजय मंगला और उनकी कार्यकारिणी ने अपने दो वर्ष के कार्यकाल का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इसके बाद नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू हुई। अध्यक्ष पद के लिए अजय वार्ष्णेय, सुरजीत चौधरी और गिर्राज चौधरी ने अपनी दावेदारी पेश की। सहमति बनाने के उद्देश्य से 11 वरिष्ठ पंचों की पंचायत गठित की गई, जिसमें नगर के पूर्व चेयरमैन और गणमान्य लोग शामिल रहे। काफी देर तक चले मंथन और चर्चा के बावजूद किसी एक नाम पर सर्वसम्मति नहीं बन सकी। आखिरकार पंचायत ने चुनाव स्थगित करने का निर्णय लिया और अब नई तिथि घोषित कर दोबारा अध्यक्ष पद का चुनाव कराया जाएगा।

# फतेहाबादः छापेमारी कर 11 बिजली चोर पकड़े

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, फतेहाबाद।

सोमवार तड़के विद्युत उपखंड अधिकारी गौरव राजपूत के नेतृत्व में कस्बा में बिजली विभाग की टीम ने हाई पोटेंशियल लॉसेज वाले क्षेत्रों में छापेमारी की। चेकिंग अभियान के चलते क्षेत्र के बिजली चोरी करने वालों में हड़कंप मच गया। कार्रवाई के दौरान विभाग ने विभिन्न जगहों पर बिजली आपूर्ति और मीटरों का निरीक्षण किया, जिसमें 11 उपभोक्ता सीधे मीटर बाईपास कर बिजली चोरी करते पकड़े गए। विद्युत विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए 11 आरोपियों के विरुद्ध विद्युत चोरी निरोधक थाना, कमला नगर आगरा में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

जांच में पकड़े गए आरोपियों में मुश्ताक खान पुत्र नूर मोहम्मद, सोनू पुत्र वासुदेव, भानू प्रताप सिंह पुत्र गुमान सिंह, जाविद अख्तर पुत्र सिराजुद्दीन, ईगम पुत्र वजीर खान, मुन्ना मोहम्मद पुत्र स्व.अली मोहम्मद, सोमवीर पुत्र हरीचंद, रामदास पुत्र नाहर सिंह, शिवशंकर पुत्र बधौरी, आरिफ पुत्र मोहम्मद खान, असीम पुत्र मोहम्मद खान शामिल हैं। छापेमारी के दौरान उपखंड अधिकारी गौरव राजपूत, अवर अभियंता दीपक कुमार, रमेश बाबू , संजय तिवारी सहित आदि रहे। बिजली विभाग के अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वैध कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें। अधिकारियों ने कहा कि विद्युत चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा।

## आज बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, फतेहाबाद।

अवर अभियंता निबोहरा रजनीश पाल कि सूचनानुसार मंगलवार को ग्राम जगराजपुर में रेलवे अंडरपास पर कार्य के चलते 33 केवी धिमिश्री लाइन से पोषित उपकेंद्र धिमिश्री, महाराजपुर, निबोहरा, 33 केवी रूपपुर से पोषित रूपपुर, भदौरा उपकेंद्र की बिजली आपूर्ति प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक बाधित रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि निर्धारित समय के दौरान आवश्यक कार्य पहले ही निपटा लें।

# जन्माष्टमी पर मथुरा में कड़ा सुरक्षा घेरा, ड्रोन और सीसीटीवी से निगरानी

**सुरक्षा के नजरिए से जनपद को 7 जोन और 35 सेक्टर में बांटा, मजिस्ट्रेट तैना**

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के विश्व प्रसिद्ध आयोजन को लेकर मथुरा पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। आगामी जन्माष्टमी पर्व के दौरान देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के मथुरा-वृंदावन पहुंचने की संभावना को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमवार को सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम दर्शन को प्राथमिकता दी जा रही है। जन्माष्टमी के दौरान श्रीकृष्ण जन्मभूमि के साथ साथ मथुरा वृंदावन के प्रमुख मंदिरों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी व्यवस्था रहेगी। श्रद्धालुओं की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ड्रोन कैमरों के साथ सीसीटीवी कैमरों का इस्तेमाल किया जाएगा। जिन स्थानों पर श्रद्धालुओं का अधिक आवागमन रहेगा, वहां भी सुरक्षा बलों की तैनाती के साथ लगातार निगरानी रखी जाएगी।

सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए जनपद को 7 जोन और 35 सेक्टरों में विभाजित कर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए बाहरी वाहनों के प्रवेश पर आवश्यकतानुसार रोक लगाई जाएगी। प्रमुख चौराहों व मार्गों पर बैरियर एवं चेकिंग प्वाइंट बनाए जाएंगे। सुरक्षा व्यवस्था के तहत आठ कंपनी पीएसी सहित पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। पुलिस का विशेष जोर भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने पर रहेगा। इसके साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी पुलिस की निगरानी बढ़ाई गई है। जन्माष्टमी से संबंधित भ्रामक वीडियो, अफवाह या गलत सूचना प्रसारित करने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी अपुष्ट सूचना या वीडियो को आगे प्रसारित न करें।

# भागवत कथा प्रारंभ से पूर्व निकली भव्य दिव्य कलश आमंत्रण यात्रा जगह जगह हुआ स्वागत

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, फतेहपुर सीकरी।

फतेहपुर सीकरी कस्बा की मोहल्ला कोटला गली राधा कृष्ण मंदिर पर सोमवार से श्रीमद भागवत कथा प्रारंभ होने से पूर्व बाजार में होकर भव्य दिव्य कलश आमंत्रण यात्रा निकाली गई।

भव्य कलश यात्रा प्रातः 10 .30 बजे से प्रारंभ होकर घंटाघर,संतोष नगर, जय श्री राम मंदिर, चूड़ी बाजार ,सराफा बाजार होकर निकाली जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिलाएं पीत वस्त्र पहने मंगल गीत गाते हुए निकली ,बाजार में कस्बा के लोगों ने पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा में चल रहे महिला पुरुषों का स्वागत किया । भव्य कलश यात्रा में मुख्य रूप से कथा वाचक प्रख्यात अचार्य पंडित सुरेश शर्मा शास्त्री, अमित सिंघानिया ,नरेश गोयल ,सभासद हनी गोयल, भोलू पैटीज, ,नवल किशोर गोयल ,पारस मित्तल, विवेक कुमार, विष्णु मित्तल,श्याम गोयल, बारिस मित्तल,रमेश भगत , राजेंद्र प्रजापति,समेत बड़ी संख्या, में महिला पुरुष शामिल हुए ।

# बिना मान्यता के चल रहे विद्यालय पर खंड शिक्षा अधिकारी की बड़ी कार्रवाई, स्कूल कराया बंद

- आईजीआरएस शिकायत पर शिक्षा विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर की कार्रवाई, नोटिस चस्पा कर विद्यालय बंद कराया
- नोटिस चस्पा करके टीम जाने के बाद संचालिका सोनम ने फाड़ा नोटिस

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, करहल।





क्षेत्र में बिना मान्यता के संचालित हो रहे विद्यालयों के खिलाफ शिक्षा विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। सोमवार को खंड शिक्षा अधिकारी करहल के नेतृत्व में विभागीय टीम ने सहाबरामपुर बघेरा के निकट सिरागंज रोड पर संचालित हो रहे एक विद्यालय पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान विद्यालय के बिना मान्यता संचालित होने की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए विद्यालय को बंद करा दिया गया। विभागीय अधिकारियों ने मौके पर नोटिस भी चस्पा किया।

बताया गया है कि सहाबरामपुर बघेरा के निकट सिरागंज रोड पर बचपन प्ले स्कूल के नाम से एक विद्यालय का संचालन जुलाई 2026 से किया जा रहा था। विद्यालय के संबंध में बिना मान्यता के संचालन किए जाने की शिकायत आईजीआरएस के माध्यम से की गई थी। नगला दिक्क निवासी राधा देवी पत्नी हिर्देश ने विद्यालय के संचालन को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत का संज्ञान लेते हुए खंड शिक्षा अधिकारी ने मामले की जांच के लिए टीम को मौके पर भेजा।शिक्षा विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर विद्यालय के संचालन से संबंधित अभिलेखों और मान्यता की स्थिति की जानकारी की। शिकायत में विद्यालय को बिना मान्यता के संचालित किए जाने का आरोप लगाया गया था। जांच के बाद विभागीय अधिकारियों ने विद्यालय के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे बंद करा दिया। साथ ही विद्यालय परिसर में विभाग की ओर से नोटिस चस्पा किया गया, ताकि विद्यालय का संचालन दोबारा न किया जा सके।

आरोप है कि विद्यालय का संचालन सोनम यादव पुत्री राजेश निवासी नगला रते द्वारा किया जा रहा था। शिकायतकर्ता की ओर से आरोप लगाया गया कि विद्यालय के संबंध में कार्रवाई के दौरान चस्पा किए गए नोटिस को बाद में फाड़कर फेंक दिया गया। हालांकि इस संबंध में शिक्षा विभाग की ओर से आगे की कार्रवाई जांच के आधार पर किए जाने की बात कही गई है।

खंड शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में बिना मान्यता के विद्यालयों का संचालन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सहाबरामपुर बघेरा के निकट सिरागंज रोड पर संचालित विद्यालय के खिलाफ आईजीआरएस शिकायत के आधार पर कार्रवाई की गई है। विद्यालय को बंद करा दिया गया है और मौके पर नोटिस चस्पा किया गया है।

अधिकारी ने यह भी बताया कि करहल क्षेत्र में अन्य स्थानों पर भी बिना मान्यता के विद्यालय संचालित किए जाने की जानकारी सामने आ रही है। ऐसे विद्यालयों को भी चिन्हित कर जांच कराई जाएगी। यदि जांच में विद्यालय बिना मान्यता के संचालित पाया जाता है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

शिक्षा विभाग की इस कार्रवाई से बिना मान्यता के विद्यालय संचालित करने वालों में हड़कंप मच गया है। विभाग ने स्पष्ट संकेत दिया है कि बच्चों की शिक्षा और विद्यालयों के संचालन से जुड़े नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# बिजली का तार टूटने के विवाद में ट्रक क्लीनर की गोली मारकर हत्या

- बाइक सवार तीन हमलावरों ने एक किमी तक किया ट्रक का पीछा, दो राउंड फायरिंग में चालक भी घायल

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मैनपुरी।



बिजली का तार टूटने को लेकर हुए विवाद में रविवार रात बाइक सवार हमलावरों ने ट्रक क्लीनर की गोली मारकर हत्या कर दी। हमलावरों ने करीब एक किलोमीटर तक ट्रक का पीछा करने के बाद उसे रास्ते में रोक लिया। ट्रक चालक और क्लीनर को नीचे खींचने का प्रयास किया। विरोध करने पर हमलावरों ने दो राउंड फायरिंग कर दी। गोली लगने से क्लीनर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

घटना एलाऊ थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। कुर्रा थाना क्षेत्र के जोराई गांव निवासी सुभाष कुमार (22) रविवार शाम ट्रक चालक कुलदीप कुमार (26) के साथ ट्रक लेकर बेवर की ओर जा रहा था। बताया गया है कि अघार गांव के पास ट्रक से बिजली की केबल टूट गई। चालक को इसका पता नहीं चला और वह ट्रक लेकर आगे निकल गया।

ट्रक के आगे मेज रखकर रोकाप बताया गया कि करीब एक किलोमीटर आगे संतोष नगर स्थित ठेके के सामने कुछ लोगों ने ट्रक के आगे मेज रखकर उसे रोक लिया। ट्रक रुकते ही बाइक सवार तीन हमलावरों ने चालक और क्लीनर से गाली-गलौज शुरू कर दी। दोनों को ट्रक से नीचे उतारने का प्रयास किया गया। विरोध करने पर हमलावरों ने फायरिंग कर दी।

एक गोली क्लीनर सुभाष कुमार के सिर में लगी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरी गोली ट्रक चालक कुलदीप कुमार के हाथ में लगी।

घायल चालक ट्रक लेकर भागा, गोली लगने के बावजूद चालक ने ट्रक को आगे बढ़ा दिया। करीब 500 मीटर आगे जाकर ट्रक अनियंत्रित होकर रुक गया। इस दौरान ट्रक में लदी सोलर प्लेटें सड़क पर बिखर गईं। आसपास मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल चालक को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं।

पुलिस हमलावरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस की कई टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी हैं।

पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया ट्रक से बिजली का तार टूटने के बाद हुए विवाद में फायरिंग की बात सामने आई है। मामले की जांच की जा रही है।

# मैनपुरी में 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत आयोजित हुआ बहू-बेटी सम्मेलन



- महिलाओं को दी गई सुरक्षा व अधिकारों की जानकारी

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मैनपुरी।

मैनपुरी के थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कैलाश आश्रम चौकी पर आज शासन द्वारा चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति' अभियान फेज-5 के अंतर्गत एक विशेष बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सशक्त बनाना था।

सम्मेलन के दौरान कैलाश आश्रम चौकी प्रभारी रवेंद्र पाल और उप निरीक्षक पूनम चौधरी ने अपनी पुलिस टीम के साथ उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को महिला सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, घरेलू हिंसा और साइबर अपराध जैसे गंभीर विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। वक्ताओं ने आपातकालीन स्थितियों में तुरंत सहायता प्राप्त करने के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे महिला पावर लाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के उपयोग के तौर-तरीकों को समझाया। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी और स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप निरीक्षक पूनम चौधरी ने महिलाओं से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में डरे नहीं, बल्कि निडर होकर पुलिस की मदद लें। उन्होंने आश्वस्त किया कि पुलिस हर समय उनकी सहायता के लिए पूरी तरह तत्पर है। इस जागरूकता कार्यक्रम में थाना कोतवाली पुलिस टीम के साथ-साथ अमृता चौहान और क्षेत्र की तमाम महिलाएं व बालिकाएं भारी संख्या में मौजूद रहीं।

# विकास को तरस रहे करहल के बाशिंदे, 15 दिन से सड़क पर भरा पानी

- सड़क निर्माण की मांग को लेकर विधायक तेज प्रताप यादव और एमएलसी मुकुल यादव से लगाई गुहार, बोले—प्रधान से कई बार शिकायत के बाद भी नहीं हुई सुनवाई

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, करहल।



नगर क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर लोगों की समस्याएं लगातार सामने आ रही हैं। करहल के मैनपुरी रोड स्थित नगला अनूप में पावर ट्रैक्टर एजेंसी के सामने, बैंक ऑफ इंडिया के प्वाइंट के बगल वाली सड़क के पीछे स्थित मार्ग पर पिछले करीब 15 दिनों से जलभराव की समस्या बनी हुई है। सड़क पर पानी भरा होने के कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं जलभराव के चलते आसपास बने मकानों को भी नुकसान होने की आशंका बनी हुई है।

स्थानीय बाशिंदों का कहना है कि सड़क की हालत काफी खराब है और जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी सड़क पर ही जमा हो जाता है। करीब 15 दिनों से पानी भरा होने के कारण सड़क दलदल में तब्दील हो गई है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को उठानी पड़ रही है। पानी और कीचड़ के कारण बच्चों का स्कूल जाना तक मुश्किल हो गया है।

लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण और जलभराव की समस्या को लेकर ग्राम प्रधान से कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं कराया गया। लंबे समय से पानी भरा होने के कारण मकानों की नींव कमजोर होने लगी है। स्थानीय लोगों के अनुसार बीटू यादव के मकान में जलभराव के चलते काफी नुकसान हो रहा है और मकान में चटकने की स्थिति भी सामने आ रही है।

समस्या से परेशान लोगों ने अब करहल विधायक तेज प्रताप यादव और विधान परिषद सदस्य मुकुल यादव से सड़क का निर्माण कराने तथा जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान कराने की गुहार लगाई है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही पानी की निकासी और सड़क निर्माण की व्यवस्था नहीं की गई तो मकानों को और अधिक नुकसान हो सकता है।

**क्या बोले स्थानीय लोग**

अंकित यादव ने कहा कि सड़क पर करीब 15 दिन से पानी भरा हुआ है। कई बार जिम्मेदार लोगों से शिकायत की गई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। पानी और कीचड़ के कारण बच्चों को स्कूल जाने में भी परेशानी हो रही है। विधायक और एमएलसी से मांग है कि जल्द सड़क का निर्माण कराया जाए।

राकेश ने कहा कि जलभराव के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि पैदल चलना भी मुश्किल है। कई बार शिकायत के बावजूद सुनवाई नहीं हुई। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को मामले का संज्ञान लेकर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

करू यादव ने कहा कि लंबे समय से सड़क की समस्या बनी हुई है। पानी लगातार जमा रहने से मकानों की नींव कमजोर होने का खतरा है। बीटू यादव के मकान को भी नुकसान हो रहा है। लोगों की मांग है कि सड़क का निर्माण कराकर जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था कराई जाए।

सड़क निर्माण की मांग करने वालों में बीटू यादव, अंकित यादव, अरविंद यादव, सोनू यादव, सनी यादव, करू यादव, महेश चंद्र, धर्मवीर सिंह, सौरभ और विश्राम सिंह सहित अन्य स्थानीय लोग शामिल हैं।



## 81 अभियोगों से संबंधित 86 माल मुकदमाती का निस्तारण, नियमानुसार कराई गई वीडियोग्राफी

**फिरोजाबाद।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे माल निस्तारण अभियान के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद आदित्य लांग्हे के निर्देशन में थाना एका पुलिस द्वारा विभिन्न अभियोगों से संबंधित माल मुकदमाती के निस्तारण की कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी जसराना के कुशल नेतृत्व में सोमवार, 31 अगस्त 2026 को थाना एका पर विभिन्न धाराओं में पंजीकृत कुल 81 अभियोगों से संबंधित 86 माल मुकदमाती का नियमानुसार निस्तारण कराया गया। यह कार्रवाई माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, फिरोजाबाद के आदेश के अनुपालन में गठित टीम की देखरेख में संपन्न हुई। गठित टीम में क्षेत्राधिकारी जसराना, नायब तहसीलदार जसराना, प्रभारी निरीक्षक थाना एका तथा मालखाना हेड मोहर्रिर नरेन्द्र सिंह शामिल रहे। माल मुकदमाती के निस्तारण की पूरी प्रक्रिया नियमानुसार संपन्न कराते हुए उसकी वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी भी कराई गई, ताकि कार्रवाई में पारदर्शिता एवं नियमानुसार प्रक्रिया का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।

## अधिकारियों ने छात्राओं से साझा किए सफलता के मंत्र , दी गई जानकारियां

**शिकोहाबाद।** बीडीएम म्यू. इंटर कॉलेज में सोमवार को ह्य सफलता का मार्ग अधिकारियों के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) शत्रोहन वैश्य, विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक मुदिता पांडे ने कार्यक्रम में मौजूद 150 छात्राओं को जीवन में सफलता हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए। इस दौरान 32 अन्य कॉलेजों के लगभग 4 हजार बच्चे ऑनलाइन रूप से जुड़े। इस मौके पर सीडीओ शत्रोहन वैश्य ने छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर उसे हासिल करने के लिए निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता के लिए अनुशासन, समय का सदुपयोग और सकारात्मक सोच जरूरी है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आत्मविश्वास बनाए रखें और असफलताओं से निराश होने के बजाय उनसे सीख लेकर आगे बढ़ें। जिला विद्यालय निरीक्षक मुदिता पांडे ने छात्राओं को शिक्षा के साथ व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि छात्राएं अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार करियर का लक्ष्य तय करें और उसे प्राप्त करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से तैयारी करें। उन्होंने उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में उपलब्ध अवसरों के बारे में भी जानकारी दी। इससे पहले विद्यालय की प्रिंसीपल तथा अन्य शिक्षिकाओं ने अतिथियों का स्वागत किया । कार्यक्रम के अंत में कॉलेज की प्रधानाचार्या नीरा माथुर ने सीडीओ और डीआईओएस का आभार व्यक्त किया । इस मौके पर शिक्षिका सरिता यादव, शोभा यादव, आयशा खातून, नीरू यादव, सुदीप शर्मा, पंकज कुमार, हेमलता यादव आदि मौजूद रहे।

## ऑनलाइन सट्टा चलाने वालो की लिस्ट हुई सोशलमीडिया पर वायरल, मचा हड़कंप

**शिकोहाबाद।** नगर में अब तक चल रहे चोरी छिपे सट्टे के बाद अब ऑनलाइन सट्टे का कारोबार फलने फूलने की बात सामने आ रही है। इसको लेकर अब दो दिन से सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी खूब वायरल हो रही है, जिसमें ऑनलाइन सट्टा चलने, उससे जुड़े लोगों के नाम वायरल किया गए है। साथ ही कुछ लोगों के संरक्षण होने की बात भी कही गई है। कुछ लोग इसके चंगुल में फंसकर अपनी मेहनत की कमाई को सट्टे में बर्बाद कर रहे हैं । पुलिस ने कुछ माह पूर्व पर्ची से सट्टा चलाने वालों के खिलाफ एक अभियान चलाकर सट्टे की कमर तोड़कर रख दी थी। पुलिस ने शिकोहाबाद शहर के कुछ सट्टाकिंगों को जेल भी भेज दिया था, जिसके बाद सट्टा पर कुछ अंकुश लगा था, लेकिन एक बार फिर से अब ऑनलाइन सट्टे का कारोबार आरम्भ होने की बात सोशल मीडिया पर कही जा रही है , जो पुलिस के लिए भी सिर दर्द बनने वाला है। इधर ऑनलाइन सट्टे का काम करने वालों की एक सूची सोशल मीडिया पर वायरल हो गई । एक दर्जन से अधिक सट्टेबाजों की सूची वायरल होते ही सट्टे के कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया । लोगों का कहना है कि जब से पुलिस ने मुठभेड़ में सटोरियों को जेल भेजा है तब से सट्टेबाजों ने ऑनलाइन सट्टे का काम शुरू कर दिया है जिससे पुलिस के द्वारा पकड़े जाने की संभावना कम है। लोगों का कहना है कि सट्टे को चलाने वाले मुख्य लोगों तथा उनको संरक्षण देने वालों पर भी कार्यवाही अमल में लाई जाए । इस बारे में पुलिस के एक अधिकारी का कहना है कि वह वायरल हुई सट्टेबाजों तथा उससे जुड़े लोगों के बारे में जानकारी कर रहे हैं। साथ ही इन लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। नगर क्षेत्र में सट्टा नहीं चलने दिया जाएगा ।

## "सफलता की कहानी" संघर्ष से स्वावलंबन की ओर, हेमलता रावत बनी मिसाल

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के मिशन शक्ति अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं अब स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता की नई इबारत लिख रही है, जनपद के ब्लॉक टूंडला (ग्राम बसई) की निवासी हेमलता रावत की जीवन यात्रा इसका एक प्रतिष्ठ और प्रेरणादायी उदाहरण है। उच्च शिक्षित हेमलता रावत के जीवन में वर्ष 2022 में उस समय बड़ा संकट आया, जब उनके पति मान्सिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण अचानक लापता हो गए, दो मासूम बेटियों के पालन-पोषण और पढ़ाई की पूरी जिम्मेदारी हेमलता के कंधों पर आ गई, इन विपरीत परिस्थितियों में उन्होंने हार नहीं मानी और अपनी बेटियों के बेहतर भविष्य के लिए मजबूती से खड़ी रही 26 जनवरी 2020 में हेमलता राजकीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी और जय बजरंगबली स्वयं सहायता समूह की सदस्य बनी।

# मानव शक्ति पार्टी ने जनसमस्याओं को लेकर सिरसागंज तहसील में दिया ज्ञापन, उठाई 5 सूत्रीय मांगें

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, सिरसागंज।

मानव शक्ति पार्टी के कार्यकताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक यादव के नेतृत्व में सोमवार को सिरसागंज तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी सिद्धार्थ पाठक के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक 5 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। मानव शक्ति पार्टी के कार्यकताओं ने तहसील परिसर में जोरदार नारेबाजी करते हुए आम जनमानस से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के त्वरित निस्तारण की मांग की।

ज्ञापन सौंपने के उपरांत राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक यादव ने प्रदेश सरकार की नीतियों और वर्तमान व्यवस्था पर तीखा हमला बोला। ?राष्ट्रीय अध्यक्ष



विवेक यादव ने कहा कि

"पूरे प्रदेश में हमारी पार्टी का 5 सूत्रीय ज्ञापन अभियान चल रहा है। आज फिरोजाबाद की सभी पांचों तहसीलों में ज्ञापन दिया जा रहा है, जिसके बाद प्रदेश के सभी जिलों में यह आंदोलन चलेगा। प्राथमिक शिक्षा का स्तर बेहद गिर चुका है, शिक्षक न होने से पढ़ाई ठप है और जर्जर विद्यालयों की छतें व प्लास्टर गिर रहे हैं। किसान खाद (ऊअढ व यूरिया) के लिए लाइनों में लगकर जान गंवा रहे हैं, इसलिए खाद खुले बाजार में उपलब्ध कराई जाए। प्रदेश में लाखों सरकारी पद खाली हैं, जिन्हें विशेष अभियान चलाकर तुरंत भरा जाए ताकि युवाओं को रोजगार मिले। आसमान छूती महंगाई से आम जनता और मध्यम वर्ग त्रस्त है, वहीं अपराधों की जननी 'शराब' पर पूर्ण प्रतिबंध (शराबबंदी) लगाई जाए और बंद किए गए 26,000 सरकारी विद्यालयों को दोबारा चालू किया जाए।

ज्ञापन की 5 प्रमुख मांगें:

प्रदेश में गिरते शिक्षा स्तर में सुधार एवं प्राथमिक विद्यालयों की जर्जर इमारतों की तत्काल मरम्मत।

# 2027 की तैयारियों को लेकर मैनपुरी पहुंचे कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कुणाल चौधरी

- कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से की मुलाकात, बोले—जनता सरकार को उखाड़ फेंकेगी

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मैनपुरी।






उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कुणाल चौधरी सोमवार को मैनपुरी पहुंचे। उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं से मुलाकात कर संगठन की स्थिति और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की।

मैनपुरी पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकताओं ने राष्ट्रीय सचिव का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और आम जनता के बीच पहुंच बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी तरह से जुट चुके हैं और पार्टी को मजबूत करने के लिए लगातार जनसंपर्क किया जा रहा है।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए कुणाल चौधरी ने प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जनता अब सरकार की नीतियों से परेशान हो चुकी है और आगामी विधानसभा चुनाव में जनता सरकार को उखाड़ फेंकेगी। उन्होंने प्रदेश सरकार को भय, भ्रष्टाचार और प्रचार करने वाली सरकार बताया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा शोषित, वंचित और पीड़ित वर्ग के लोगों को सम्मान देने का काम किया है। कांग्रेस की विचारधारा सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी, महंगाई और जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस लगातार जनता की आवाज उठाती रही है।

राष्ट्रीय सचिव ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे गांव-गांव और घर-घर जाकर लोगों से संवाद करें तथा कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को जनता तक पहुंचाएं। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस मजबूती के साथ मैदान में उतरेगी और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष गोपाल शाक्य, पूर्व जिलाध्यक्ष विनीता शाक्य, प्रतिमा पाल, नागेंद्र यादव, संकोच गौड़, कृष्ण कान्त उपाध्याय, कैलास उपाध्याय, अनिल पालीवाल, अजय दुबे, अनुपम शाक्य, डॉ नवीन शाक्य समेत आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक देवेंद्र की विकास विरासत को निकली अमर ज्योति यात्रा

- दिवगंत विधायक के पुत्र कृष्णा राजपूत के नेतृत्व में हुआ आयोजन
- 18 सितंबर तक अमांपुर विधानसभा क्षेत्र में चलेगी यात्रा

टीएनएफ टुडे, पटियाली।



विधानसभा क्षेत्र अमांपुर में पूर्व विधायक देवेंद्र प्रताप राजपूत की स्मृतियों और उनके अधूरे विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ रविवार को अमर ज्योति संकल्प यात्रा ने गांवों का रुख किया। दिवगंत विधायक के पुत्र कृष्णा राजपूत के नेतृत्व में यात्रा सुनबई गांव पहुंची। इसके बाद सींगपुर, निवासपुर, पिलखुनी, नगला अर्जुन, नगला परसी समेत कई गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद किया गया। रात में यात्रा का विश्राम चांदपुर गांव में हुआ।

पूर्व विधायक देवेंद्र प्रताप राजपूत के गांव हाजीपुर से शुरू हुई यह यात्रा अमांपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव की गली-गली तक अमर ज्योति लेकर पहुंचेगी। यात्रा का उद्देश्य पूर्व विधायक द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जानकारी ग्रामीणों से जुटाना और जो कार्य अधूरे रह गए हैं, उन्हें चिह्नित कर पूरा कराने का प्रयास करना है। यात्रा में दो पिकअप वाहन शामिल हैं। एक में अमर ज्योति रखी गई है, जबकि दूसरे वाहन पर लगी स्क्रीन के माध्यम से पूर्व विधायक द्वारा कराए गए विकास कार्यों को प्रदर्शित किया जा रहा है। यात्रा के माध्यम से हर जवान का सम्मान, हर किसान का सम्मान और महिलाओं के सम्मान का संकल्प भी दोहराया जा रहा है।

आयोजकों के अनुसार यात्रा रविवार से शुरू होकर 18 सितंबर को पूर्व विधायक देवेंद्र प्रताप राजपूत की पुण्यतिथि तक चलेगी। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र के गांवों में पहुंचकर विकास कार्यों की स्थिति जानी जाएगी और अधूरे कार्यों को पूर्ण कराने की दिशा में प्रयास किया जाएगा।

## सम्पन्न हुआ रक्षाबंधन पर्व अब कान्हा के जन्मोत्सव की तैयारी

टीएनएफ टुडे, कासगंज।

भाई-बहन के अटूट प्रेम के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व के हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न होते ही अब ब्रज क्षेत्र सहित पूरे जनपद में भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव की तैयारियां जोरों पर शुरू हो गई हैं। बाजारों में राखियों की जगह अब कान्हा की पोशाक, झूले, मुकुट और बांसुरी ने ले ली है। रक्षाबंधन पर बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांध कर लंबी उम्र की कामना की, वहीं अब हर घर में नंदलाला के आगमन की प्रतीक्षा है।

**मंदिरों में शुरू हुई साफ सफाई, साज सज्जा, रंगाई पुताई**

रक्षाबंधन खत्म होते ही मंदिरों में जन्माष्टमी को लेकर विशेष चहल-पहल शुरू हो गई है। जनपद के प्रमुख मंदिरों -शिवालय मंदिर, भूतेश्वर मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर पुरानी काली मंदिर परिसर, सोरों के वाराह मंदिर और शहर के राधा-कृष्ण मंदिरों में साफ-सफाई का कार्य तेज हो गया है। मंदिर समितियों द्वारा रंगाई-पुताई, लाइटिंग, फूल-बंगला सजावट और झांकियों के निर्माण का कार्य शुरू करा दिया गया है। पुजारी और सेवादार मंदिर प्रांगण को धोकर चमका रहे हैं।चामुंडा मंदिर के पुजारी अनेक सिंह ने बताया कि जन्माष्टमी पर मध्यरात्रि में होने वाले अभिषेक और महाआरती के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। इस बार भक्तों की भीड़ को देखते हुए लाइट और साउंड की विशेष व्यवस्था की जा रही है।

**घरों में भी गृहणियों ने भी शुरू की लल्ला के जन्मोत्सव की तैयारियां**

मंदिरों के साथ-साथ घरों में भी जन्माष्टमी की तैयारियां शुरू हो गई हैं। गृहणियों ने घरों की साफ-सफाई के बाद ठाकुर जी के पालने और झूले को सजाना शुरू कर दिया है।



### ऑपरेशन जागृति अभियान के अंतर्गत महिलाओं को किया जागरूक

**हाथरस।** ऑपरेशन जागृति अभियान के अंतर्गत मिशन शक्ति टीम, थाना हाथरस गेट द्वारा जिला बागला अस्पताल में महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया। टीम ने महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा महिला अपराधों से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को शासन द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं महिला सुरक्षा संबंधी सुविधाओं के बारे में बताया। साथ ही किसी भी प्रकार की परेशानी या उत्पीड़न की स्थिति में बिना डर के पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान महिलाओं को सशक्त, जागरूक और आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया गया तथा साइबर अपराध एवं घरेलू हिंसा से बचाव के प्रति भी सचेत किया गया।

### 35 विद्यालयों में पहुंची निरीक्षण टीम, पढ़ाई सुचारु मिली



**टीएनएफ टुडे, कासगंज।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के निर्देश पर सोमवार को जनपदीय एवं विकासखंड स्तरीय सदस्यों ने जिले के 35 परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी विद्यालयों में कक्षाओं का संचालन विधिवत पाया गया। अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं से पाठ्यक्रम और पठन-पाठन को लेकर संवाद कर उनकी जानकारी परखी। निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों से निःशुल्क वितरित की गई पाठ्य पुस्तकों और मध्याह्न भोजन के संबंध में भी जानकारी ली गई। छात्रों ने बताया कि उन्हें पाठ्य पुस्तकें प्राप्त हो चुकी हैं। वहीं, सोमवार को मध्याह्न भोजन में रोटी और सब्जीयुक्त दाल परोसी गई, जिसे बच्चों ने स्वादिष्ट बताया। विद्यालयों में कार्यरत समस्त स्टाफ उपस्थित मिला। कुछ कर्मचारी स्वीकृत अवकाश पर थे। अधिकारियों ने मध्याह्न भोजन के सैंपल की भी जांच की, जो सुरक्षित पाया गया। इसके अलावा विद्यालयों में साफ-सफाई और विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध बुनियादी सुविधाएं भी संतोषजनक मिलीं।निरीक्षण टीम ने विद्यालयों में पठन-पाठन व्यवस्था को बनाए रखने और छात्र-छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

## जनसंघ के संस्थापक सदस्य डॉ. प्रसादीलाल कश्यप के निधन पर भाजपा नेताओं ने जताया शोक

टीएनएफ टुडे, अलीगंज।

कस्बे के वरिष्ठ समाजसेवी एवं जनसंघ-भाजपा के संस्थापक सदस्यों में शामिल रहे डॉ. प्रसादी लाल कश्यप के निधन पर भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने उनके मोहल्ला गोविंददास स्थित आवास पर पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। नेताओं ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री कैलाश राजपूत, फरुर्खाबाद सांसद मुकेश राजपूत, क्षेत्रीय विधायक ठाकुर सतपाल सिंह राठौड़ समेत कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता डॉ. कश्यप के आवास पर पहुंचे। सभी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और परिवार के सदस्यों से मिलकर संवेदनाएं प्रकट कीं।

बताया कि डॉ. प्रसादी लाल कश्यप करीब 100 वर्ष के थे। वह जनसंघ के दौर से ही डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों से प्रभावित रहे। उन्होंने संगठन के विभिन्न आंदोलनों में सक्रिय भूमिका निभाई और ह्यएक संविधान, एक विधानह्व के आंदोलन से भी जुड़े रहे। उनके निधन को भाजपा कार्यकर्ताओं ने संगठन और क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

**उनके पुत्र डॉ. अर्जुन सिंह हैं भाजपा के जिला उपाध्यक्ष**

भाजपा की संस्थापक सदस्य डॉ प्रसादी लाल कश्यप के पुत्र डॉ अर्जुन सिंह भी वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के जिला संगठन में उपाध्यक्ष पद पर रहते हुए पार्टी को सेवाएं दे रहे हैं। पिता की विरासत को आगे बढ़ाने में उनकी अहम भूमिका है।

## अफसर गुजरते रहे....कीचड़ में बचपन चलता रहा

- पांच साल से बदहाल बरौना की पीडब्ल्यूडी सड़क
- स्कूल के सामने जलभराव, बाढ़ में राहत कार्य भी बन सकता है चुनौती

टीएनएफ टुडे, पटियाली।



सड़क का मतलब होता है ऐसा रास्ता, जिस पर लोग आसानी से आवगमन कर जरूरी स्थानो तक पहुंच सकें। लेकिन गंजडुंडवारा ब्लॉक क्षेत्र के गांव बरौना में सड़क की तस्वीर विकास के दावों को आईना दिखाती नजर आती है। क्योंकि बरी बगवास से बरौना तक जाने वाली करीब ढाई से तीन किलोमीटर लंबी पीडब्ल्यूडी सड़क लंबे समय से बदहाल है। जगह-जगह गड्ढे, कीचड़, जलभराव और गंदगी ने ग्रामीणों की राह मुश्किल कर रखी है। बरसात में हालात इतने बिगड़ जाते हैं कि सड़क और दलदल में अंतर करना मुश्किल हो जाता है।सबसे खराब स्थिति सरकारी विद्यालय के सामने है, जहां छोटे-छोटे बच्चों को वर्षों से कीचड़ और गंदगी के बीच से होकर स्कूल पहुंचना पड़ रहा है। ऐसे में फिसलने और चोट लगने का खतरा बना रहता है।

उक्त अव्यवस्था को लेकर समाजसेवी एवं सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एडवोकेट अब्दुल हफीज गांधी ने बताया कि बरौना गांव पिछले करीब पांच वर्षों से बाढ़ के खतरे से जूझ रहा है। इस दौरान जिले के वरिष्ठ अधिकारी बांध व बाढ़ से संबंधित निरीक्षण के लिए लगातार गांव पहुंचते रहते हैं। इसके बावजूद विडंबना यह है कि अधिकारी इसी बदहाल रास्ते और स्कूल के सामने बने कीचड़ से होकर गुजरते हैं, लेकिन सड़क की समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि मामला सिर्फ सड़क की बदहाली तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों की सुरक्षा और बाढ़ के दौरान राहत-बचाव व्यवस्था से भी जुड़ा है। बाढ़ की स्थिति में यही मार्ग गांव तक एंबुलेंस, ट्रैक्टर, ट्रक, राहत सामग्री और अन्य जरूरी वाहनों के पहुंचने का प्रमुख रास्ता बनता है। सड़क की खराब हालत आपदा के समय राहत कार्य में भी बाधा बन सकती है। उन्होने कहा कि बांध को मजबूत करना जितना जरूरी है, उतना ही बाढ़ प्रभावित गांव तक पहुंचने वाले मार्ग को सुचारु रखना भी जरूरी है। उन्होंने पीडब्ल्यूडी और जिला प्रशासन से तत्काल स्थलीय निरीक्षण कर सड़क की प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कराने, विद्यालय के सामने जलनिकासी की व्यवस्था करने तथा जलभराव वाले हिस्से को ऊंचा व मजबूत कर आरसीसी सड़क का निर्माण कराने की मांग की है।

### जिला हाथरस के जलेसर रोड स्थित मोहन नगर कॉलोनी में समस्याओं से जूझ रहे लोग, जिम्मेदारों से समाधान की मांग



**हाथरस।** जलेसर रोड स्थित मोहन नगर कॉलोनी में जलभराव, गंदगी, खराब सड़क और जल निकासी की समस्या से स्थानीय लोग परेशान हैं। मोहल्लेवासियों ने जिम्मेदार अधिकारियों से जल्द से जल्द मौके पर पहुंचकर समस्याओं का स्थायी समाधान कराने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर पानी जमा रहने से आवागमन प्रभावित हो रहा है और गंदगी के कारण बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है। लोगों ने नाली निर्माण, जल निकासी और सड़क की मरम्मत/निर्माण कराने की मांग की है। मोहल्लेवासियों का आरोप है कि कई बार संबंधित सभासद और नगर पालिका में शिकायत करने के बावजूद अभी तक समस्या का प्रभावी समाधान नहीं हुआ। लोगों ने कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वे आगामी चुनाव में वोट नहीं देने का निर्णय लेने पर मजबूर होंगे। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और नगर पालिका से मांग की है कि मौके का निरीक्षण कराकर जलभराव एवं सफाई की समस्या का तत्काल निस्तारण कराया जाए, ताकि कॉलोनी के लोगों को राहत मिल सके।

## समाजसेवा की अनूठी मिसालः बबलू पंडित ने बांटे 750 छाते

- छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व रसोइयों को मिले छाते, चेहरों पर खुशी
- नगर के मठ-मंदिरों में भी पहुंची सेवा

टीएनएफ टुडे, कासगंज।




तीर्थ नगरी सोरों में समाजसेवा और जनहित के कार्यों को समर्पित श्री गंगा सभा के महामंत्री एवं समाजसेवी बबलू पंडित ने बारिश के मौसम में स्कूली बच्चों, शिक्षकों एवं रसोइयों को राहत पहुंचाने की सराहनीय पहल की। उन्होंने नगर के विभिन्न प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों के छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकों और रसोइयों को 750 छातों का वितरण किया।

सोरों के सहावर गेट, गंगा गली, बदरिया, मढ़ई सराय, उपाध्यान तथा काशीराम आवास कॉलोनी स्थित प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में छाते वितरित किए गए। इसके साथ ही नगर के विभिन्न मठ-मंदिरों में भी छाते पहुंचाए गए।

छाता पाकर विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के चेहरों पर खुशी साफ नजर आई। बच्चों ने इस पहल के लिए समाजसेवी बबलू पंडित का आभार जताया। विद्यालय के शिक्षक नगेंद्र शर्मा ने कहा कि बारिश के मौसम में बच्चों और विद्यालय स्टाफ को छाते की आवश्यकता रहती है। ऐसे समय में समाजसेवी बबलू पंडित द्वारा छातों का वितरण किया जाना बेहद सराहनीय एवं मानवीय पहल है। छाता वितरण के दौरान श्री गंगा सभा महामंत्री बबलू पंडित, शैलेंद्र महेरे, मोहन प्रश्नावत पांडा, मोहित तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सोरों में जरूरतमंदों की सहायता के लिए की गई इस पहल की स्थानीय लोगों ने भी प्रशंसा की और कहा कि बारिश के मौसम में 750 छातों का वितरण निश्चित रूप से बच्चों और विद्यालय स्टाफ के लिए उपयोगी साबित होगा।

### साइकिल सवार 55 वर्षीय व्यक्ति को बाइक ने मारी टक्कर, मौत

**टीएनएफ टुडे, अमापुर।** थाना क्षेत्र के नगला सीडर निवासी 55 वर्षीय अनोखे लाल पुत्र किशन लाल की सड़क हादसे में मौत हो गई। सोमवार सुबह साइकिल से जा रहे अनोखे लाल को बाइक सवार ने कासगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव बजीरपुर के समीप बने रजनीकांत फार्म हाउस के समीप टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए।मृतक के बेटे फुलबारी ने बताया कि घटना सोमवार सुबह करीब 10 बजे की है। हादसे के बाद परिजनों ने घायल अनोखे लाल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम गृह भेज दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

### शहर के चर्चित जिम की अनुशासनहीनता पर नगर आयुक्त ने लिया एक्शन-नगर आयुक्त के रडार पर आया हैबिटेट में संचालित नियो फिटनेस जिम

**अलीगढ़।** अलीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीईओ/ नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर अलीगढ़ स्थित नियो फिटनेस को कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर की छवि एवं प्रतिष्ठा प्रभावित करने वाली गतिविधियों तथा लीज पर दिए गए परिसर के निर्धारित उपयोग के उल्लंघन के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

बीते दिनों नगर आयुक्त/सीईओ अलीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड के संज्ञान में आया है कि नियो फिटनेस परिसर से संबंधित एक वीडियो विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं डिजिटल न्यूज पोर्टलों पर व्यापक रूप से प्रसारित हुआ है वीडियो में जिम परिसर के भीतर की गतिविधियां प्रदर्शित होने के कारण सोशल मीडिया पर विभिन्न प्रकार की टिप्पणियां एवं प्रतिक्रियाएं सामने आईं जिससे कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर की छवि प्रतिष्ठा एवं जनमानस पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की स्थिति उत्पन्न हुई।

नगर आयुक्त/ सीईओ प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि नोटिस के जरिये संबंधित फर्म से पूछा गया है कि उसके विरुद्ध ऐसी गतिविधियां संचालित करने अथवा उन्हें अनुमति देने के लिए कार्रवाई क्यों न की जाए जिनसे कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर की प्रतिष्ठा प्रभावित हुई अलीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड को हुई क्षति के लिए आर्थिक दंड एवं क्षतिपूर्ति की वसूली क्यों न की जाए।

उन्होंने बताया कि फर्म को नोटिस प्राप्त होने के तीन कार्य दिवस के भीतर अपना संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित अवधि में संतोषजनक जवाब प्राप्त न होने की स्थिति में लीज एग्रीमेंट की शर्तों के तहत लीज समाप्त करने तथा फर्म को ब्लैकलिस्ट करने सहित अन्य उचित कार्रवाई की जा सकती है।

## व्यापारियों के सुझावों से तैयार होगा प्रभावी ट्रैफिक प्लान

- दाऊजी मेला व आगामी त्योहारों को लेकर जनसंवाद कार्यक्रम,
- जाममुक्त यातायात पर जोर जिला ब्यूरो चीफ दुष्यंत पचौरी, हाथरस

टीएनएफ टुडे, हाथरस।



आगामी त्योहारों एवं लक्खी मेला श्री दाऊजी महाराज को देखते हुए जनपद में यातायात व्यवस्था को सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से अग्रवाल सेवा सदन, हाथरस में व्यापारियों एवं अन्य स्टेकहोल्डर्स के साथ जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी अतुल वत्स ने की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा भी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी त्योहारों एवं लक्खी मेला श्री दाऊजी महाराज के दौरान संभावित भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था की तैयारियां समय से पूरी की जाएं। उन्होंने कहा कि व्यापारियों एवं अन्य स्टेकहोल्डर्स से प्राप्त सुझावों को शामिल करते हुए ऐसा प्रभावी एवं व्यावहारिक ट्रैफिक प्लान तैयार किया जाए, जो धरातल पर सफल साबित हो।

बैठक में प्रस्तावित ट्रैफिक प्लान का ड्राफ्ट प्रस्तुत किया गया। व्यापारियों ने इसका स्वागत करते हुए होल्डिंग एरिया, पार्किंग स्थल, यातायात डायवर्जन तथा बाजार क्षेत्रों में आवागमन को सुगम बनाने से संबंधित कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। व्यापारियों द्वारा ऐसी भूमि को भी चिन्हित करने की जानकारी दी गई, जिसका उपयोग यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था के लिए किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को ऐसे स्थानों का सत्यापन एवं आवश्यक जांच कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि ट्रैफिक प्लान केवल प्रशासन का नहीं, बल्कि प्रशासन और व्यापारियों का साझा प्लान होना चाहिए। बाजारों में आने वाले ग्राहकों, आमजन, श्रद्धालुओं और व्यापारियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि उद्देश्य केवल जाम समाप्त करना नहीं, बल्कि लोगों को सुरक्षित और सुविधाजनक आवागमन उपलब्ध कराना है।

स्कूली बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा सुबह 8 बजे से पहले तथा शाम 5 बजे के बाद वाहनों के आवागमन की व्यवस्था को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ प्रस्तावित ट्रैफिक प्लान को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। उन्होंने व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों के सामने स्वच्छता बनाए रखने तथा सड़क अथवा सार्वजनिक स्थान पर कूड़ा न डालने की अपील की।

पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने कहा कि आगामी त्योहारों एवं मेले के दौरान यातायात व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के लिए पुलिस एवं यातायात विभाग द्वारा आवश्यक तैयारियां की जाएंगी। उन्होंने व्यापारियों से अनावश्यक अतिक्रमण तथा बाजार क्षेत्रों में वाहनों को अव्यवस्थित तरीके से खड़ा न करने की अपील की।

बैठक में व्यापारियों एवं अन्य प्रतिभागियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि बैठक में प्राप्त सुझावों के आधार पर प्रस्तावित ट्रैफिक प्लान में आवश्यक संशोधन किए जाएंगे और उसके बाद आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी सदर, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, एआरएम रोडवेज, पुलिस एवं यातायात विभाग के अधिकारी, व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।

## उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एवं जिले के एडमिनिस्ट्रेटिव जज विक्रम डी.चौहान का भ्रमण

- जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही से कराया अवगत
- क्षेत्र भ्रमण के दौरान प्रशासनिक एवं न्यायिक विषयों पर हुआ महत्वपूर्ण विचार-विमर्श



टीएनएफ टुडे, एटा।

उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एवं जनपद एटा के प्रशासनिक जज विक्रम डी. चौहान आज एक दिवसीय प्रवास पर जनपद एटा पहुंचे। सर्किट हाउस पहुंचने पर जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने गार्ड ऑफ ऑनर के उपरांत पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया तथा शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी गण आदि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने प्रशासनिक न्यायमूर्ति को जनपद में अपराधियों के विरुद्ध की जा रही वैधानिक कार्रवाई के संबंध में विचार विमर्श किया। न्यायिक प्रक्रिया एवं प्रशासनिक व्यवस्था से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। जनपद में अराजक एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी वैधानिक कार्यवाही के संबंध में भी आवश्यक चर्चा हुई।

इसके उपरांत प्रशासनिक न्यायाधीश ने जिलाधिकारी अरविन्द सिंह के साथ क्षेत्र भ्रमण किया।

क्षेत्र भ्रमण के दौरान प्रशासनिक न्यायमूर्ति द्वारा दिए गए निदेर्शों, कानून व्यवस्था के प्रभावी अनुपालन एवं अराजक तत्वों के विरुद्ध के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही से संबंधित विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने प्रशासनिक न्यायमूर्ति एटा विक्रम डी. चौहान को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

TNF TODAY
टीएनएफ टुडे
थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे
tnftoday tnftoday
www.tnftoday.com / epaper
आगरा, मंगलवार
01 सितम्बर 2026


दलीप ट्रॉफी

# वैभव सूर्यवंशी शतक से चूके, पहली पारी में बढ़त नहीं ले सका ईस्ट जोन




एजेंसी, नई दिल्ली।

सेंट्रल जोन और ईस्ट जोन के बीच दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल का दूसरा दिन समाप्त हो गया है। सेंट्रल जोन ने शुरूआती दिन पहली पारी में 266 रन बनाए थे। ईस्ट जोन के लिए युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने धुआंधार पारी खेली, लेकिन वह शतक जड़ने से चूक गए। वैभव की दमदार पारी का फायदा ईस्ट जोन नहीं उठा सकी और पहली पारी में 266 रन पर ऑलआउट हो गई। दिन का खेल खत्म होने तक सेंट्रल जोन ने दूसरी पारी में तीन विकेट पर 43 रन बनाए हैं और उसे अब तक इतने ही रनों की बढ़त मिली है।

**वैभव-ईश्वरन ने दिलाई मजबूत शुरूआत**

इससे पहले, ईस्ट जोन ने दूसरे दिन की शानदार शुरूआत की। वैभव और अभिमन्यू ईश्वरन ने पहले विकेट के लिए 161 रनों की मजबूत साझेदारी की। यह साझेदारी वैभव के आउट होने पर टूटी जो 81 गेंदों पर सात चौकों और सात छक्कों की मदद से 92 रन बनाकर आउट हुए। 15 वर्षीय सूर्यवंशी ने इस दौरान दलीप ट्रॉफी में अर्धशतक जड़ने वाला सबसे कम उम्र का बल्लेबाज बनने का गौरव हासिल किया। उन्होंने 1969 में 16 साल की उम्र में यह उपलब्धि हासिल करने वाले लक्ष्मण सिंह का रिकॉर्ड पीछे छोड़ा। उन्हें 40 रन के निजी स्कोर पर जीवनदान भी मिला जब सारांश जैन की गेंद पर यश राठौड़ ने बैकवर्ड प्वाइंट पर आसान कैच टपका दिया। इस एक मौके को छोड़ दें तो सूर्यवंशी ने गेंदबाजों पर जमकर हमला बोला और कई शानदार शॉट लगाए।

### अच्छी शुरूआत का फायदा नहीं उठा सका ईस्ट जोन

कुमार कुशाग्र (0) तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे, लेकिन पहली ही गेंद पर कैच आउट होकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद ईश्वरन ने सुदीप कुमार के साथ तीसरे विकेट के लिए 38 रन जुटाकर टीम को दोहरे शतक तक पहुंचाया। ईश्वरन 106 गेंदों में 8 चौकों के साथ 69 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जबकि सुदीप ने पांच चौकों के साथ 25 रन बनाए। इसके साथ ही टीम का स्कोर 213 रन पर पांच विकेट हो गया। ईस्ट जोन की पारी देखते ही देखते ढह गई। इनमें आखिरी पांच विकेट सिर्फ 53 रन के भीतर गिर गए। सेंट्रल जोन की ओर से हर्ष दुबे ने 63 रन देकर सर्वाधिक चार विकेट हासिल किए, जबकि आर्यन पांडे और यश ठाकुर ने तीन-तीन विकेट निकाले।

### दूसरी पारी में लड़खड़ाया सेंट्रल जोन

दूसरे दिन सेंट्रल जोन अपनी दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए उतरी और 20 ओवरों का सामना किया। टीम को महज 6 के स्कोर पर कुणाल चंदेला (2) के रूप में झटका लगा और फिर आर्यन जुयाल ने अमन मोखडे के साथ दूसरे विकेट के लिए 23 रन जोड़े। आर्यन 21 गेंदों में 8 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद टीम ने कप्तान रजत पाटीदार (5) का विकेट भी खो दिया। दिन की समाप्ति तक अमन 23 रन और आर्यन पांडे 4 रन बनाकर नाबाद थे। ईस्ट जोन की ओर से मुकेश कुमार ने दो विकेट और मोहम्मद शमी ने एक विकेट चटकाया है।

### टीम के लिए जी जान लगा देते हैं वैभव सूर्यवंशी

वैभव सूर्यवंशी के बल्ले से रन तो लगातार निकल रहे हैं, लेकिन शतक उनसे जैसे रूठा हुआ है। दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में ईस्ट जोन की ओर से खेलते हुए 15 साल के वैभव एक बार फिर शतक से चूक गए। सेंट्रल जोन के खिलाफ उन्होंने सिर्फ 81 गेंद में 92 रन की तेजतर्रार पारी खेली, लेकिन छह रन और बनाते तो प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपना पहला शतक पूरा कर लेते। यह पिछले नौ महीनों में सातवां मौका है, जब वैभव नर्वस-90२ में आउट हुए हैं। इनमें ज्यादातर मौकों पर उन्होंने आक्रामक शॉट खेलने की कोशिश में अपना विकेट गंवाया है। यह दिखाता है कि वह टीम के लिए जी जान लगा देते हैं और पर्सनल इंटरेस्ट या माइलस्टोन को बीच में नहीं आने देते।

# इंग्लैंड ने अपने नाम की टेस्ट सीरीज

## पाकिस्तान की बल्लेबाजी दूसरे मैच में भी फ्लॉप, लॉर्ड्स टेस्ट भी गंवाया

एजेंसी, लंदन।

इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट मैच में पाकिस्तान को चौथे दिन 194 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त ले ली है। इंग्लैंड ने पाकिस्तान के सामने 389 रनों का लक्ष्य रखा था, लेकिन पाकिस्तान की दूसरी पारी चौथे दिन तीसरे सत्र में 194 रन पर ऑलआउट हो गई। पाकिस्तान ने इस तरह लॉर्ड्स टेस्ट गंवाया और सीरीज भी हार गई। इंग्लैंड के लिए ओली रॉबिनसन और जोश टंग ने दमदार गेंदबाजी की।

**सऊद शकील की मेहनत पर फिर पानी**

इंग्लैंड दौरे पर पाकिस्तान की बल्लेबाजी चिंता का विषय रही है। लॉर्ड्स टेस्ट मैच की पहली पारी में 110 रन पर ऑलआउट होने के बाद दूसरी पारी में भी पाकिस्तान की बल्लेबाजी फ्लॉप साबित हुई। मध्य क्रम के बल्लेबाज सऊद शकील ने हालांकि, दमदार बल्लेबाजी की और पाकिस्तान को जीत दिलाने की कोशिश की। लेकिन उनकी मेहनत सफल नहीं हो सकी। पाकिस्तान के लिए दूसरी पारी में सबसे ज्यादा रन शकील ने ही बनाए, लेकिन वह शतक पूरा नहीं कर सके। शकील ने 97 रन बनाए, जबकि दूसरे छोर पर उनका साथ कोई नहीं निभा सका। पाकिस्तान की बल्लेबाजी इतनी खराब रही कि एक ही दिन में उसकी पूरी पारी ऑलआउट हो गई और मैच एक दिन पहले ही समाप्त हो गया।



### हार के बाद पाक में हाहाकारः पीसीबी ने की उच्चस्तरीय बैठक

इंग्लैंड दौरे पर लगातार दो टेस्ट मैचों में करारी हार झेलने वाला पाकिस्तान अब विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक को दौरे के बीच से ही स्वदेश वापस बुला सकता है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर मौजूद पाकिस्तान को लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट में इंग्लैंड से पारी और 103 रन से हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद लॉर्ड्स में खेले गए दूसरे टेस्ट में भी इंग्लैंड ने पाकिस्तान को 194 रन से शिकस्त दी।

### कौन-कौन हुआ बैठक में शामिल

रिपोर्ट के मुताबिक रिजवान और इमाम को वापस बुलाने का फैसला किया गया है। इंग्लैंड दौरे पर मौजूद पाकिस्तानी मीडिया ने दूसरे टेस्ट में मिली हार के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अधिकारियों की एक उच्चस्तरीय बैठक होने की भी खबर दी है। इस बैठक में पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी, मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) सुमैर अहमद, पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सलमान नसीर, पूर्व क्रिकेटर और वरिष्ठ चयनकर्ता आकिब जावेद तथा सीमित ओवरों की क्रिकेट टीम के मुख्य कोच माइक हेसन शामिल हुए। पीसीबी के एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि पाकिस्तान सरकार में मंत्री मोहसिन नकवी को इंग्लैंड में पाकिस्तान टीम के निराशाजनक प्रदर्शन को लेकर उनसे ऊपर के स्तर पर बैठे लोगों की नाराजगी और निराशा से अवगत करा दिया गया है। सूत्र ने कहा, दूसरे टेस्ट के दौरान स्काई स्पोर्ट्स पर इमरान खान के बेटों का साक्षात्कार प्रसारित किए जाने की घटना से भी शीर्ष स्तर पर नाराजगी है। लेकिन सबसे बड़ी चिंता मीडिया में पाकिस्तान टीम की बन रही छवि और मैदान पर उसका प्रदर्शन है।

**मोहम्मद अब्बास की शानदार गेंदबाजी**

इससे पहले, मुकाबले के चौथे दिन इंग्लैंड की पूरी टीम दूसरी पारी में 208 रन बनाकर ऑलआउट हुई। इंग्लैंड के लिए चौथे दिन की शुरूआत अच्छी नहीं रही। सात विकेट पर 177 के स्कोर में सिर्फ नौ रन जोड़ने के बाद डेन लॉरेंस को मोहम्मद अब्बास ने क्लीन बोल्ड करते हुए पवेलियन भेजा। लॉरेंस ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने 70 गेंदों में 7 चौके और दो छक्कों की मदद से 54 रन बनाए। ओली रॉबिन्सन बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और महज आठ रन बनाकर आउट हुए। जोश टंग इंग्लैंड की ओर से दूसरी पारी में आउट होने वाले आखिरी बल्लेबाज रहे। वह 12 रन बनाकर रनआउट हुए। इंग्लैंड की तरफ से लॉरेंस की अर्धशतकीय पारी के अलावा, हैरी ब्रूक ने 34 रनों का योगदान दिया है, जबकि एमिलियो ने 31 रनों का योगदान दिया। जो रूट ने 24 रन बनाए। पाकिस्तान की तरफ से गेंदबाजी में मोहम्मद अब्बास ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 57 रन देकर पांच विकेट चटकाए, जबकि खुर्रम शहजाद और मोहम्मद अली ने दो-दो विकेट निकाले।

## यूएस ओपनः जोकोविच का 25वां ग्रैंडस्लैम जीतने का सपना फिर टूटा! पहले दौर में हारकर बाहर

**लंदन।** नोवाक जोकोविच के लिए यूएस ओपन का आगाज बेहद दर्दनाक रहा। रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के इरादे से उतरे चौथी वरीयता प्राप्त सर्बियाई खिलाड़ी को पहले ही दौर में अर्जेंटीना के मैरियानो नवोने के हाथों हार का सामना करना पड़ा। करीब चार घंटे तक चले मुकाबले में 25 साले के नवोने ने 39 साल के जोकोविच को 7-6, 5-7, 6-4, 2-6, 6-1 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। यह नवोने के करियर की सबसे बड़ी जीत रही। इस जीत के साथ उन्होंने रिकॉर्ड बुक में भी अपना नाम दर्ज कराया। वह 2006 से यानी पिछले 21 साल में किसी ग्रैंडस्लैम के पहले दौर में हराने वाले पहले खिलाड़ी बन गए।

आर्थर ऐश स्टेडियम में मुकाबले की शुरूआत से ही जोकोविच शारीरिक परेशानियों से जूझते नजर आए। क्लोज्ड रूफ (बंद छत) होने से पहले वह बार-बार सिर पर बर्फ का बैग रखते दिखे। न्यूयॉर्क की उमस भरी परिस्थितियों में वह असहज नजर आए और छत बंद होने के बाद सुपरवाइजर से एसी चलाने के बारे में भी पूछा।

तीसरे सेट में उनकी परेशानी और बढ़ गई। छठे गेम के दौरान जोकोविच ने कई बार उल्टी की। वह कोर्ट के पीछे झुक गए, लेकिन इसके बाद भी मुकाबला जारी रखा।























